संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 25 मार्च 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 83 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




**फास्ट न्यूज**

## गंभीर सूखे के बीच कर्नाटक सरकार ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पानी की कमी से जूझ रहे राज्य के लिए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार से धन जारी करने की मांग की है। इसी को देखते हुए केंद्र से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष जारी करवाने के लिए सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में वित्तीय सहायता जारी नहीं करने की केंद्र की कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत राज्य के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

**गंभीर सूखे से गुजर रहा राज्य:** याचिका में कहा गया है कि राज्य गंभीर सूखे से जूझ रहा है, जिससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। लगभग 226 तालुकों में से कुल 223 को सूखा प्रभावित घोषित कर दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि 196 तालुकों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। एनडीआरएफ के तहत भारत सरकार से मांगी गई सहायता 18,171.44 करोड़ रुपये है।

**वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बाध्य नही केंद्र सरकार:** वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत और राज्य के महाधिवक्ता के शशि किरण शेट्टी द्वारा निपटाई गई याचिका में कहा गया है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के संदर्भ में, भारत संघ राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता

# केजरीवाल की गिरफ्तारी, विपक्ष एकजुट

### लोकसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज, केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ रामलीला मैदान में रैली करेगा

**लामबंद**

8 आईएनडीआईए केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को रामलीला मैदान में महारैली आयोजित करेगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: विपक्षी दलों के गठबंधन** आईएनडीआईए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ अगले रविवार (31 मार्च) को रामलीला मैदान में महारैली आयोजित करेगा। आम आदमी पार्टी और दिल्ली कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने गठबंधन के अन्य घटकदलों के नेताओं के साथ रविवार को दिल्ली में पत्रकार वार्ता के दौरान इसकी घोषणा की। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच एजेंसी का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को डराने के लिए कर रही है। उन पर फर्जी मामले बनाकर उन्हें फंसा रही है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेता तेजस्वी यादव को भी केंद्र की एजेंसियां परेशान कर रही हैं। राय ने कहा कि हम इस संबंध में संबंधित विभागों से अनुमति मांग रहे हैं। अगर हमें रैली की अनुमति नहीं दी गई तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी होगा। उन्होंने दावा किया कि इस रैली में पूरी दिल्ली इकट्ठी होगी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। एक मुख्यमंत्री को पहली बार गिरफ्तार किया गया है।

कांग्रेस के खाते सील किए गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार रात को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही विपक्षी नेता एकजुट होकर सरकार को इस मुद्दे पर घर रहे हैं।

### भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं केजरीवालः सचदेवा

**दिल्ली** भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 'आज हमने भ्रष्टाचार की होलिका का दहन किया है। दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम हो रहे हैं। दिल्ली में अगर कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार का प्रतीक है तो वह अरविंद केजरीवाल हैं, अरविंद केजरीवाल मुक्त शासन, भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिल्ली को मिले इसके लिए दिल्ली का हर व्यक्ति संकल्पबद्ध है।'

### ईडी की हिरासत में एक स्क्रिप्ट रचा गयाः मनोज तिवारी

**भाजपा** सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'ईडी की हिरासत में एक मुजरिम आज एक स्क्रिप्ट रचा गया कि दिल्ली में पानी और सीवर व्यवस्थित नहीं है। यह तब हुआ जब उनकी गिरफ्तारी पर दिल्ली का कोई भी व्यक्ति न ही उनके समर्थन में आया और न दुख जताया। बहुत देर हो चुकी है अरविंद केजरीवाल, जब आप एक मुजरिम की तरह जेल गए तो एक स्क्रिप्ट निकल कर आ रही है लेकिन दिल्ली इसे सुनने वाली नहीं है।' बॉक्स

## चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट के नाम को हरी झंडी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश भारत बनाथा। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग ने दुनियाभर के देशों की स्पेस एजेंसियों को हैरान कर दिया था। सफलता के बाद 26 अगस्त, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 के लैंडिंग साइट को 'शिव शक्ति पॉइंट' कहा था। इस बीच, 19 मार्च को इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन (आईएयू) ने इस नाम को मंजूरी दे दी है। इस सफलता के तीन दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो टेलीमेट्री ट्रैंकिंग एंड कमांड नेटवर्क में वैज्ञानिकों से मुलाकात की थी।

**शिव शक्ति पॉइंट**

8 चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को लॉन्च किया गया था। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से छोड़ा गया था

**14 जुलाई को लॉन्च किया गया था चंद्रयान-3:** चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को लॉन्च किया गया था। इसे एलवीएम3-एम4 रॉकेट से आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से छोड़ा गया था। विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर कदम रखा था। इसकी कुल लागत 615 करोड़ रुपये है। इसरो इससे पहले भी चंद्रमा पर उतरने का प्रयास कर चुका है। इसके लिए उसने चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 को चंद्रमा की ओर भेजा था।

## लेह में तैनात जवानों को रंग-गुलाल लगाकर रक्षा मंत्री ने मनाई होली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को चीन की सीमा पर लेह (लद्दाख) में सशस्त्र बल के जवानों के साथ होली मनाई। रक्षा मंत्री ने जवानों को रंग-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर उन्हें होली की बधाई दी। पहले उन्हें सियाचिन में सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए जाना था लेकिन आज सुबह विपरीत मौसम के चलते अचानक उनका कार्यक्रम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि



हमारे देवी-देवता किसी न किसी तरीके से हमारी रक्षा ही करते हैं। उसी तरह दुश्मनों से हमारी रक्षा करते हुए सभी सैनिक भी हमारे लिए किसी रक्षक देवता से कम नहीं हैं। रक्षा मंत्री दीपावली और होली का त्योहार देश की किसी न किसी सीमा पर जाकर सैनिकों के साथ मनाते हैं। उन्होंने पिछले साल 06 मार्च को स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस 'विक्रांतह्व पर तैनात नौसैनिकों को गुलाल लगाकर उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं थीं। इस बार उन्हें दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर तैनात जवानों के साथ होली मनाने के लिए जाना था लेकिन विपरीत मौसम के चलते राजनाथ सिंह उत्तरी सीमा पर लेह (लद्दाख) में सशस्त्र बल के जवानों के साथ होली मनाने के लिए पहुंचे।

**होली जवानों संग**

8 दुश्मनों से रक्षा करते हुए सभी सैनिक हमारे लिए किसी रक्षक देवता से कम नहीं: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## बसपा ने जारी की 16 उम्मीदवारों की लिस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: बहुजन** समाजवादी पार्टी ने रविवार को 16 उम्मीदवारों के नामों का एलान कर दिया है। इस लिस्ट में बसपा ने सात मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट दिया है। इसमें सहारनपुर सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के इमरान मसूद के सामने माजिद अली को उतारा गया है। कैराना लोकसभा सीट इकरा हसन के सामने श्रीपाल सिंह होंगे। मुजफ्फरनगर सीट से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से विजेन्द्र सिंह



मैदान में होंगे। नगीना से सुरेन्द्र पाल सिंह को बसपा से टिकट मिला है। मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी को प्रत्याशी बनाया है। रामपुर सीट से जीशान खान चुनाव लड़ेंगे। सम्भल लोकसभा सीट से शौलत अली को उतारा है। यह शफीकुर्रहमान बर्क के के उत्तराधिकारी जियाउर्रहमान को टक्कर देंगे। अमरोहा लोकसभा सीट से बसपा ने मुजाहिद हुसैन को प्रत्याशी बनाया है। इनका मुकाबला भाजपा के कंवर सिंह तवर और सपा-कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से होगा। ईडी कस्टडी के दौरान मालूम हुआ कि अनेक इलाकों में पानी व सीवर समस्या उत्पन्न हो गई है।

























# चुनाव नहीं लड़ेंगे सांसद वीके सिंह, लिखा- गाजियाबाद की जनता का रहूंगा आभारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** भाजपा सांसद वीके सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 न लड़ने का एलान किया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मैंने सैनिक के रूप में इस राष्ट्र की सेवा में अपना सारा जीवन समर्पित किया है। पिछले 10 वर्षों से, मैंने गाजियाबाद को एक विश्व स्तरीय शहर बनाने के सपने को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया है। इस यात्रा में, देश और गाजियाबाद के नागरिकों के साथ-साथ भाजपा के सदस्यों का जो विश्वास और प्रेम मुझे प्राप्त हुआ है, उसके लिए मैं आभारी हूं। यह भावनात्मक बंधन मेरे लिए अमूल्य है। इन भावनाओं के साथ, मैंने एक कठिन, परंतु विचारपूर्ण निर्णय लिया है। मैं 2024 के चुनावों में नहीं लड़ूंगा। यह निर्णय मेरे लिए आसान नहीं था, परंतु मैंने इसे अपने दिल की गहराइयों से लिया है। मैं अपनी ऊर्जा और समय को नई दिशाओं में ले जाना चाहता हूँ, जहां अपने देश की सेवा अलग तरीके से कर सकूं। इस यात्रा में आपके साथी रहने के लिए मैं आप सब को दिल से धन्यावाद देता हूं। आपके प्यार, समर्थन और विश्वास ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। आगे भी, मैं देश और सब नागरिकों के प्रति अपनी सेवा जारी रखूंगा, बस एक नए रूप में। गाजियाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा के टिकट दावेदारों में एक और नाम जुड़ गया है। यह नाम है पूर्व वायुसेना प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया का जिन्होंने रविवार को ही भाजपा का दामन थामा है। इसी के साथ अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि भाजपा उन्हें मौजूदा सांसद पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल (रिटायर्ड) विजय कुमार सिंह की जगह उतार सकती है।




# 'कर्मियों का भविष्य सुरक्षित रखने में फेल हुई सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में पुरानी पेंशन बहाली के लिए ज्वाइंट फोरम फॉर रेस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस)/नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के बैनर तले आंदोलन कर रहे विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस लेने का निर्णय अब तूल पकड़ने लगा है। केंद्र एवं राज्यों के कुछ कर्मचारी संगठन, इसके पक्ष में नजर नहीं आ रहे। महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे कई राज्यों में ओपीएस को लेकर प्रदर्शन/रैलियां आयोजित हो रही हैं। अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस लेने के निर्णय पर जब कर्मचारी संगठनों की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई, तो एआईआरएफ के अध्यक्ष शिव गोपाल मिश्रा को एक पत्र जारी करना पड़ा। उन्होंने 17 मार्च को जेएफआरओपीएस/एनजेसीए के घटक संगठनों को लिखे पत्र में कहा है कि ओपीएस व अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर सरकार के साथ हुई जेएफआरओपीएस/एनजेसीए के प्रतिनिधियों की बातचीत पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। सभी साथियों से अपील है कि रिटायरमेंट के बाद कर्मियों का भविष्य सुरक्षित रखने में अगर सरकार फेल रहती है, तो आने वाले समय में कर्मचारी संगठन, कठोर एक्शन के लिए तैयार रहें। जेएफआरओपीएस/एनजेसीए ने सरकार को ओपीएस के मुद्दे पर 19 मार्च को देश में एक मई से होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस देने का निर्णय लिया था।







होली की हार्दिक बधाई
अच्छा हुआ जो गुजर गया फरवरी का महीना
ये अंग्रेजी मोहब्बत का महीना था साहब..
राधा कृष्ण का प्रेम तो अब चढ़ेगा,
रसिया पर फागुन का रंग जब चढ़ेगा,
रंगों से न डरो साहब,
रंग बदलने वालों से डरों।
एडवोकेट चित्रा "विद्यार्थी"
DELHI HIGH COURT


आप सभी को
खुशियों और रंगों
का त्योहार
होली की
हार्दिक
शुभकामनाएं
नीलदमन खत्री
पूर्व विधायक, नरेला
केशरानी खत्री
पूर्व पार्षद, नरेला


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र चोपड़ा
संस्थापक प्रधान : आदर्श रसोई, राकेश भारद्वाज चौक
चेयरमैन : वर वधु गठबंधन संस्था
चेयरमैन : क्लब पंजाबियां दा
डायरेक्टर : द सोशल वैल्फेयर एंड हेल्थ ऑगेनाइजेशन
ट्रस्टी : द राकेश भारद्वाज मैमोरियल ट्रस्ट


सभी देशवासियों को
होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सुखबीर सिंह कालरा
सदस्य, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, स्वरूप नगर वार्ड
चेयरमैन, खालसा कॉलेज, देव नगर दिल्ली
प्रेजीडेंट, गोविन्द सदन गुरुद्वारा, महरौली
चेयरमैन, गुरुनानक देव इंस्टीट्यूट एण्ड मैनेजमेंट पंजाबी बाग
चेयरमैन, द सोशल वैलफेयर एण्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन
डायरेक्टर, कोर एडवाइजरी कमेटी, एक्शन इंडिया मीडिया ग्रुप
पूर्व सदस्य, फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया
संपर्क - 9310014786, 9810014786

# शुभांषी की मौत से गुस्साई महिलाओं का प्रदर्शन, ससुराल पक्ष के लोगों की गिरफ्तारी की मांग

**शुभांषी की मौत से गुस्साई महिलाओं का प्रदर्शन, ससुराल पक्ष के लोगों की गिरफ्तारी की मांग**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः** क्रासिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम शुभांषी का फंदे पर लटका हुआ शव मिला था। स्वजन उसके बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। थाना पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर लगातार दूसरे दिन स्वजन ने प्रदर्शन किया। पुलिस का कहना है कि आरोपित फरार हैं जबकि स्वजन का कहना है कि आरोपित घर के अंदर ही हैं सिर्फ बाहर से ताला लगा हुआ है।

**शुभांषी को इंसाफ दिलाने की मांग**

रविवार को बहरामपुर चौकी के बाहर प्रदर्शन करते हुए शुभांषी को इंसाफ दिलाने की मांग की। शुभांषी की बहन प्रीति ने कहा कि क्रासिंग रिपब्लिक थाना पुलिस की मिलीभगत के चलते आरोपित गिरफ्तार नहीं हो पा रहे हैं। पुलिस उन्हें बता रही है कि आरोपित फरार हैं। आरोपितों के घर के बाहर ताला लगा हुआ है, लेकिन आरोपित अंदर हैं। शनिवार रात को उन्होंने बाहर से ताला लगा होने के बावजूद अंदर लाइट जलते हुए देखी हैं। बुधवार को स्वजन एसीपी वेव सिटी से मुलाकात कर आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करेंगे।

शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आरोपितों के घर के बाहर धरने पर बैठ जाएंगे। राहुल विहार निवासी राजपाल की पुत्री शुभांषी की शादी वर्ष 2015 में राहुल विहार निवासी अशोक के साथ हुई थी। शादी के बाद संतान नहीं होने पर महिला को ससुराल में ताने दिए जाते थे। बृहस्पतिवार शाम को शुभांषी का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। स्वजन ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए हाइवे जाम कर दिया था। शीघ्र आरोपितों पर कार्रवाई के आश्वासन पर स्वजन उठे। राजपाल की शिकायत पर क्रासिंग रिपब्लिक थाने में शुभांषी के पति अशोक कुमार, जेठ धर्मेंद्र कुमार, जेठानी मीनल, सास महेंद्री देवी, ससुर दौलतराम और देवर दीपक कुमार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया।

# आतिशी ने पांडव नगर घटना पर चिट्ठी लिखकर दिलाई संविधान की याद



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली : पूर्वी दिल्ली के पांडव** नगर इलाके में एक 4 साल की बच्ची के साथ ट्यूशन टीचर ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद रविवार को स्थानीय नागरिकों ने जमकर प्रदर्शन किया। गुस्साई भीड़ ने कारों में जमकर तोड़फोड़ भी किया। इसके बाद वहां पर भारी पुलिसबल की तैनाती की गई है। पुलिस ने बताया कि बच्ची फिलहाल ठीक है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं इस घटना के बाद दिल्ली की मंत्री आतिशी ने एलजी को चिट्ठी लिखकर आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त सजा की मांग की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया- दिल्ली के पांडव नगर इलाके में 4-साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। इससे ज्यादा वीभत्स अपराध क्या हो सकता है? छत्र साहब, दिल्ली की महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा आपकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। इन अपराधियों को तुरंत सजा होनी चाहिए और सख्त-से-सख्त सजा होनी चाहिए।

**अनुच्छेद 239एए के तहत आपके पास अधिकारः आतिशी**

उन्होंने लिखा कि एक महिला होने के नाते, मेरा आपसे आग्रह है कि आप अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी पूरी करें और दिल्ली की महिलाओं को सुरक्षित माहौल दें। उन्होंने लिखा कि अनुच्छेद 239एए आपको वह अधिकार देता है, जिसमें आप पुलिस और प्रशासन व्यवस्था को अधिक सुचारू रूप से चला सकते हैं। उन्होंने लिखा कि इस तरह की घटना दशार्ता है कि दिल्ली में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा बेहतर नहीं है।

# नरेला की एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली : नरेला स्थित भोरगढ़** औद्योगिक क्षेत्र में रविवार की दोपहर 12 बजे एक जूते व चप्पल बनाने वाली तीन मंजिला फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग तीनों मंजिलों तक पहुंच गई। इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। जानकारी पर एक के बाद एक करीब 30 दमकल की गाड़ियों ने करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पाया। इस आग से किसी के हताहतत होने की जानकारी नहीं है। दमकल विभाग के मुताबिक भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र के एफ ब्लाक स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने की जानकारी मिली। पहले मौके पर कुछ दमकल की गाड़ियों को रवाना किया गया। लेकिन आग बड़ी होने के कारण 30 दमकल की गाड़ियों को भेजा गया।

**ब्रोंटो स्काई लिफ्ट का भी इस्तेमाल**

जानकारी के मुताबिक आग भीषण होने की वजह से दमकलकर्मियों के पसीने छूट गए। ऊपरी मंजिलों से आग आसपास के फैक्ट्रियों तक न पहुंच सके, इसके लिए ब्रोंटो स्काई लिफ्ट का भी इस्तेमाल किया गया। ऊपरी के मंजिलों में फैली आग को इससे काबू किया जा सका।

**आग लगते वक्त कई मजदूर अंदर फंसे**

बताया जा रहा है कि जिस समय फैक्ट्री में आग लगी, उस समय फैक्ट्री के अंदर कई मजदूर काम कर रहे थे। समय रहते बाहर निकलकर इन्होंने जान बचाई। इस दौरान फैक्ट्री में रखे लाखों के सामान जलकर राख हो गए। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर आप का हमला, बीजेपी ने पूछे तीन सवाल



**नई दिल्ली।**
**इलेक्टोरल** बॉन्ड के माध्यम से शराब घोटाले के प्रमुख आरोपी शरत चंद रेड्डी से भाजपा को मिले 59.5 करोड़ रुपये के मामले में आप ने पूछे भाजपा से पूछे तीन सवाल। आप ने कहा कि 24 घंटे में इन सवालों का जवाब दें।पार्टी ने कहा कि भाजपा इस मामले पर बोल क्यों नहीं रही है कि जब ईडी ने रेड्डी को प्रमुख आरोपी बता दिया था, तो भी भाजपा ने रेड्डी से 55 करोड़ कैसे ले लिए? जबकि भाजपा को पता था कि ये शराब घोटाले में प्रमुख आरोपी है। पार्टी ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा इस पर अपना जवाब दें, क्योंकि ये आरोप नहीं हैं, ये प्रमाण हैं।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विवेक कुमार दुबे, पुत्र विनोद कुमार निवासी 2099 और 2090/1सी गली नंबर 15, पंजाबी बस्ती, बलजीत नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 31/2020 भा.द.सं. की धारा 33/58 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **विवेक कुमार दुबे** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **विवेक कुमार दुबे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 31/2020 भा.द.सं. की धारा 33/58 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना पटेल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विवेक कुमार दुबे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उपासना सतीजा
एलडी. अतिरिक्त मुख्य महानगर दण्डाधिकारी, कमरा नं.145,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
दि.पु./3517/केन्द्रीय जिला/2024

# दिल्ली में होली पर हुड़दंगियों की अब खैर नहीं, चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली : बाहरी व द्वारका** जिले में होली के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। हुड़दंग मचाकर होली के रंग में भंग डालने वालों की खैर नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने हर थाना पुलिस को हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अर्ध सैनिक बलों के जवानों को भी हर थाना में भेजा गया है। अब मुख्य मार्गों के साथ-साथ हर चौक-चौराहों पर पुलिस व सीआरपीएफ के जवान तैनात रहेंगे। होली की पूर्व संध्या पर भी पुलिस अलर्ट रही व जगह-जगह पिकेट लगाकर वाहन चालकों की जांच की।

**बैरिकेड लगाकर वाहनों की जांच**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि रंगों के त्योहार होली पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर थाने के एसएचओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। ऐसे असामाजिक तत्व, जो त्योहारों पर कानून व्यवस्था और शांति के माहौल को खराब करने का प्रयास करते हैं, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। होली पर किसी तरह का हुड़दंग करने वालों, अफवाह फैलाने वालों, जानबूझकर कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सोमवार को जगह-जगह बैरिकेड लगाकर पुलिस कर्मी वाहनों की जांच करेंगे।

**शराब पीकर वाहन चलाने वालों को नहीं बक्शा जाएगा**

होली पर शराब और भांग आदि नशीले पदार्थों का सेवन कर काफी लोग सड़कों पर निकलते हैं। बिना हेलमेट पहने तेज रफ्तार वाहन चलाते हैं। इन वाहनों की चपेट में आकर काफी लोग चोटिल होते हैं। बुलेट बाइक चलाने वाले युवा तो मोडिफाई साइलेंसर की मदद से तेज आवाज निकालते हैं। पुलिस अधिकारी के अनुसार, शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। यातायात में किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए यातायात पुलिस कर्मी भी तैनात रहेंगे।

# युवक के साथ मारपीट कर अपहरण का प्रयास

**फरीदाबाद। बल्लभगढ़ सिटी** थाना क्षेत्र एक युवक के साथ मारपीट करके अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। भूदत्त कॉलोनी में रहने वाले विकास ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-30 में अपनी दुकान चलाते हैं। वह शाम को अपनी दुकान से घर की तरफ जा रहे थे। जब वह नेशनल हाइवे पर बल्लभगढ़ पुल के पास पहुंचे तो वहां पर काफी जाम लगा हुआ था। जिसकी वजह से उन्होंने अपनी बाइक गुरुग्राम नहर की तरफ मोड़ने का प्रयास किया। उनके पीछे दो व्यक्ति बलेनो गाड़ी में आ रहे थे। उन्होंने विकास से कहा कि वह अपनी बाइक गुरुग्राम नहर की तरफ नहीं मोड़ सकता।

**विकास को दोनों युवकों ने खूब पीटा**

इसी बात को लेकर बलेनो चालक और विकास के बीच कहासुनी हो गई। बलेनो में बैठे दूसरे व्यक्ति ने कहासुनी के दौरान विकास को पीछे से पकड़ा और अपनी कार में डाल दिया।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# रील बनाने में मगन थी महिला, अचानक बाइक सवार शख्स ने खींच ली चेन



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः इंदिरापुरम** कोतवाली क्षेत्र में रविवार को होलिका पूजन करने जाने के दौरान रील बना रही महिला से बाइक सवार बदमाश ने चेन लूट ली। महिलाओं ने शोर मचाया, लेकिन लुटेरा फरार हो गया। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के मुताबिक, ज्ञानखंड एक की सुषमा पड़ोस की महिलाओं के साथ होलिका पूजन करने के लिए जा रही थीं। सर्विस लेन पर वह रील बनाने लगीं। काफी देर से बाइक पर हेलमेट लगाए खड़ा बदमाश उनका पास आया। जब तक वह कुछ समझपातीं। चेन लूट कर तेजी से फरार हो गया। घटना मोबाइल में कैद हो गई है।

**बाइक के नंबर से आरोपी की तलाश**

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वीडियो में कैद आरोपित के बाइक के नंबर के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश के लिए टीमें लगी हैं।

# विदेशी नागरिकों के साथ मिलकर करने लगा गंदा काम; गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः उत्तरी जिला** के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने ड्रग्स तस्करी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। वह दिल्ली-एनसीआर के लोगों को ड्रग्स मुहैया कराने का काम करता था। कुछ विदेशी नागरिकों के संपर्क में आकर आसानी से पैसा कमाने के लालच में आरोपित कुछ समय से ड्रग्स का धंधा करना शुरू कर दिया था। डीसीपी उत्तरी जिला मनोज कुमार मीना के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तस्कर का नाम मोहित आहूजा है। उसके कब्जे से 260 ग्राम हेरोइन व स्मैक बरामद की गई।

**आरोपी के नाम का चला पता**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर उत्तरी जिला के एंटी-नारकोटिक्स सेल की टीम ड्रग्स आपूर्ति पर अंकुश लगाने व तस्करों के बारे में जानकारी विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में गत दिनों एंटी-नारकोटिक्स सेल को सूचना मिली कि मोहित आहूजा नाम का युवक कुछ समय से दिल्ली-एनसीआर में लोगों को ड्रग्स मुहैया कर रहा है। एसीपी धर्मेंद्र कुमार, शंकर बनर्जी व इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में हवलदार रविंदर ढाका, प्रवीन सैनी, दिलबाग, राकेश सिंह सिपाही विक्की की टीम ने आइएसबीटी कश्मीरी गेट के पास उसे दबोच लिया।

# दो महिलाओं ने इलाज के बहाने डॉक्टर को घर पर बुलाया, दरवाजा बंद

**पलवल। हथीन में** क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर को हनीट्रैप में फंसाने के लिए इलाज के बहाने दो महिलाओं ने घर पर बुला लिया। महिलाओं ने अपने स्वजन के साथ मिलकर डॉक्टर से बाइक, नकदी लूट ली और उसका अपहरण कर बंधक बनाकर रखा। डॉक्टर किसी तरह से अरोपितों के चंगुल से छूटा और पुलिस को मामले की सुचना दी। हथीन थाना पुलिस ने लूट, अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, मामले में होडल के रहने वाले अशोक कुमार ने शिकायत दी है कि वह हथीन में क्लीनिक चलाता है।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### संदिग्ध हालात में विवाहिता लापता, भगाकर ले जाने का आरोप

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निसिंग थाना** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव से संदिग्ध हालातों में एक विवाहिता लापता हो गई। पति ने आसपास के एरिया में तलाश शुरू कीए लेकिन कोई भी सुराग नहीं लगा। बाद में पति ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। विवाहिता के पति ने अज्ञात व्यक्ति पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का शक जताया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे घर से करनाल दवाई लेने की बात कहकर गई थी। उसने सोचा था कि दोपहर तक वह लौट आएगी, लेकिन वह नहीं लौटी। वह इंतजार करता रहा। जब वह शाम तक घर नहीं लौटी तो पति की चिंता और भी ज्यादा बढ़ गई। पति ने बताया है कि उसने अपनी पत्नी की तलाश आसपास के एरिया में भी की है, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। उसे शक है कि उसकी पत्नी किसी अज्ञात के साथ गई है। उसने मामले की शिकायत पुलिस को की है। निसिंग थाना के जांच अधिकारी मीनू ने बताया कि महिला के संदिग्ध हालातों में लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने नशेड़ी पति पर लगाए शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के आरोप

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भगत सिंह** कॉलोनी में एक पत्नी ने अपने नशेड़ी पति पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड? करने के आरोप लगाए हैं। पत्नी के आरोपों के मुताबिक, उसका पति उसे रात को दौड़ा-दौड़ाकर पीटता है। इतना ही नहीं सास और ससुर भी खड़े होकर मारपीट करवाते हैं। खर्चे तक के पैसों के लिए भी मोहताज पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल की भगत सिंह कॉलोनी निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 10 साल पहले अरूण के साथ हुई थी। इस दौरान उसे एक लडका हुआ। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसका पति नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है। रोजाना शराब पीता है और नशे की हालत में उसे पीटता है। इतना ही नहीं शारीरिक और मानसिक उत्पीडन भी करता है। पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि मेरे सास ससुर पास में खड़े रहते हैं और मारपीट करवाते हैं और अपमानित भी करते हैं। यहां तक मेरा पति रात को घर से बाहर सडकों पर दौड़ा दौड़ाकर पीटता है। आरोप है कि उसका पति उसे खर्चे और गुजारे के लिए कोई भी पैसा नहीं देता और न ही कहीं पर जॉब करने देता है। पीड़िता ने बताया है कि उसने बीती 1 मार्च और 6 मार्च को शिकायत दी थी, लेकिन आरोपियों ने कार्रवाई से बचने के लिए समझौता कर लिया था, लेकिन 22 मार्च की रात को मेरे पति, सास व ससुर ने मिलकर मारपीट की और पति ने मुझे बेल्ट व वाइपर से पीटा। बार-बार जान से मारने की धमकी दी जाती है। उसने डायल-112 को कॉल किया, लेकिन उसने किसी जानकार के घर पर छिपकर रात बताई। मेडिकल करवाने के बाद उसने मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। सेक्टर 32-33 थाना के जांच अधिकारी रणदीप ने बताया कि भगत सिंह कॉलोनी की पीड़िता ने अपने पति अरूण, सास और ससुर पर प्रताड?ा के आरोप लगाए है। मेडिकल में डॉक्टर ने चार चोटों का जिक्र किया है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# कुमारी शैलजा का भाजपा पर साधा निशाना, केजरीवाल की गिरफ्तारी को बताया गलत

## लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए विपक्ष के पीछे लगा रखी है ईआडी-सीबीआई



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कांग्रेस की** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा रविवार को करनाल में कार्यकताओं से मिलने पहुंची। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा और केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत बताया। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वह हमारे गठबंधन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जो भी विपक्ष में हो, उसके खिलाफ भाजपा ने अपनी सारी एजेंसी छोड़ रखी है। चाहे इडी हो, सीबीआइ हो, इनका दुरुपयोग लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए हो रहा है। भाजपा का लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं है। कुमारी शैलजा ने सीएम के बदलने पर कहा कि सीएम बदले हैं, कुछ नहीं बदला है, जो पुरानी बात थी, वही चल रहा है। वहीं करप्शन, प्रशासन, कुछ काम हो नहीं रहे। चुनाव आ गया है, ऐसा लगता है कि बदलाव के बाद भी बदलाव नहीं हुआ है और आने वाले समय में बदलाव की शुरूआत करनाल से ही होगी। अपने लोकसभा चुनाव लड? पर कुमारी शैलजा बोली कि हमारी पार्टी में इसको लेकर अभी कोई चर्चा नहीं हुई है, न फैसला हुआ है। मीटिंग होंगी, हाईकमान का जो फैसला होगा उसे हम मानेंगे। मेरी इच्छा विधानसभा चुनाव लडने की है, पर हाईकमान का फैसला होगा वो मान्य होगा। करनाल के उपचुनाव पर शैलजा ने कहा कि हम तगड़ा उम्मीदवार मैदान में उतरेंगे। पार्टी हर पहलू पर विचार कर रही है। हम सशक्त उम्मीदवार उतारेंगे। अगर भाजपा सीएम नायब सैनी को मैदान में उतारती है तो करनाल की पब्लिक की क्या हालत होगी ये आप खुद सोच सकते हैं। वहीं इस दौरान जब उनसे राजकुमार सैनी के कांग्रेस में आने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कि वह कांग्रेस में नहीं आए हैं। इंडिया गठबंधन में आए, गठबंधन में बहुत पार्टियां हैं। ये गठबंधन बीजेपी की गलत नीतियों के खिलाफ है। लोकसभा की कांग्रेस लिस्ट पर उन्होंने कहा कि अभी वक्त है। होली के बाद हमारी समिति बैठेगी और विचार करेगी। बीजेपी के उम्मीदवार नहीं हैं, पूर्व सीएम को दिल्ली भेजने की तैयारी में है, राजनीति में बीजेपी इस वक्त काफी कन्फ्यूज हैं।

## पाल समाज ने किया राज्य मंत्री महीपाल ढांडा का स्वागत



**कमाल हुसैन**

**पानीपत: पाल समाज ने** कैलाश पाल के नेतृत्व मे अपने सैकड़ों साथियों के साथ हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत और सहकारिता राज्य मंत्री महीपाल ढांडा व उनके बड़े भाई हरपाल ढांडा को उनके मंत्री बनने पर बुजुर्गों ने पगड़ी पहनाकर और युवाओं ने मिठाई खिला कर स्वागत किया व होली की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर पाल समाज से रणबीर पाल, मानसिंह, मेघराज, तेजपाल, प्रेम पाल, सुरेंद्र पाल, रमेश पाल, मुकेश पाल, मनोज पाल, पवन पाल, श्याम पाल, सरपंच मेहर सिंह, सोहन पाल, बृज पाल, जगदीश पंडवार, मा.सचिन पाल, अनिल पाल, अजय पाल, प्रदीप पाल, विक्की पाल, मोनू पाल आदि मौजूद रहे।

## पार्क में मिला बुजुर्ग का शव, मुंह और नाक से निकल रहा था खून



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कर्णताल** पार्क में एक बुजुर्ग का शव मिला है। शव मिलने की सूचना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद सिटी थाना पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। मृतक की शिनाख्त करनाल के सदर बाजार निवासी 58 वर्षीय जानकी के रूप में हुई है। मृतक की नाक से खून भी बहता हुआ मिला है। हालांकि परिजन हत्या की शंका जाहिर कर रहे हैं। हत्या है या फिर मौत का कारण कुछ और है, इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। मृतक जानकी के बेटे मुकेश ने बताया कि कर्णताल पार्क में शहर के लोग घूमने के लिए आते हैं। रविवार को कुछ लोग सैर सपाटा कर रहे थे, तभी उनकी नजर उसके पिता के शव पर पड़ी, जो काफी देर से हिल-ढुल नहीं रहा था। लोगों ने जब उसके पिता को चेक किया तो वह मृत था। मुकेश ने कहा कि उनका पिता घर से कभी-कभी पार्क में आ जाते थे, लेकिन आज उनकी डेडबॉडी पार्क में मिली है। नाक से खून भी आ रहा है। किसी ने उनकी हत्या की है। बुजुर्ग मानसिक परेशान थे और कूड़ा बीनने का काम करते थे। कई बार समझाया भी गया था, लेकिन बुजुर्ग आदत से मजबूर थे। सिटी थाना के जांच अधिकारी गुरपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया।

## 'रंगों के बीच आपसी मतभेदों को भुलाकर नई शुरूआत करें'




**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सांसद संजय भाटिया** ने कहा है कि होली के रंगों के बीच हमारे आपसी मतभेद धुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें किसी न किसी रूप में खुशी को मनाना चाहिए। तनाव के दौर में हम जब हंसना और आपस में मिलना भूल गए हैं तो होली जैसे त्योहार हमें हंसना सिखा जाते हैं। वह रुतबा में भाटिया सेवा मंच द्वारा आयोजित होली परिवार मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भाटिया समाज के स्तंभ तथा जाने माने उद्योगपति सेठ घनश्याम भाटिया तथा महेश भाटिया को सम्मानित किया गया। उन्हें बड़ा पुष्प हार पहनाकर भाटिया बिरादरी का कर्णधार घोषित किया। इस अवसर पर पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मैहता, व्यापार मंडल के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा, लायंस क्लब के प्रधान विनोद खेत्रपाल, कपिल अत्रेजा, राकेश मदान, जोगिंदर मदान को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में होली के रंगों गुलाल के बीच आसमान से पिचकारी चलती दिखी। लोगों ने रिमझिम बारिश के बीच होली के रंगों में डूबकर होली बनाई। कार्यक्रम के सूत्रधार तथा भाटिया सेवा मंच के प्रधान वनीत भाटिया ने बताया कि संस्था द्वारा समाज को आगे ले जाना है। समाज को हर सुख-दुख में एकजुट रखना है। भाटिया बिरादरी के लगभग पांच सौ से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में डा. आकांक्षा भाटिया, सोनिया चौपड़ा, बरिंदर चौपड़ा, राजेश भाटिया, अशोक भाटिया, विजय भाटिया, केके भाटिया, नरेश भाटिया, विकास, दिनेश, संजय भाटिया, रघुनाथ भाटिया, अनिल, डा. प्रदीप भाटिया, कर्मचंद भाटिया, सुरेंद्र, हरीश, दिनेश, गुलशन, अलिप भाटिया, पुनीत और जगदीश भाटिया सहित भाटिया परिवार के लोग मौजूद रहे।

## करनाल में सीआइए वन की टीम का शराबियों पर शिकंजा



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में** होली पर शराबियों की हुड़दंगबाजी रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। शनिवार की देर रात हरकत में आई सीआइए वन की टीम ने सरेराह रात के अंधेरे में गाडि?ों के अंदर बैठकर शराब पीने वाले लोगों को गिरफ्तार किया और उनसे उठक-बैठक लगवाई। शराबियों ने पुलिस की कार्रवाई का भी विरोध किया। पुलिस ने न सिर्फ इन शराबियों को समझायाए,बल्कि सख्ती भी दिखाई और सख्त लहजे में चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति बाहर गाड़ी में या रास्ते में शराब पीता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। क्योंकि लोग गाडि?ों में बैठकर ड्रिंक करते हैं और फिर हादसों का शिकार हो जाते हैं और दूसरों के लिए भी हादसे का कारण बनते है। सीआइए वन टीम इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस कप्तान को लगतार गाडि?ों में बैठकर शराब पीने को लेकर शिकायत मिल रही थी। इसके बाद टीम द्वारा आज सेक्टर 12, सेक्टर 8, बस स्टैंड, रेलवे रोड, मुगल कैनाल सहित अन्य जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। सैकड़ों लोगों को गाडि?ों में शराब पीते हुए पकड़ा गया है। इसके बाद उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई लगतार जारी रहेगी। अनिल कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देश पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। होली के त्यौहार की आड़ में घर से बाहर गाडि?ों व रास्ते में बैठकर शराब पीने वालों के लिए एसपी ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। होली रंगों का त्यौहार है और हंसी खुशी का पर्व है, लेकिन लोग शराब पीते है और शराब पीकर गाडि?ां चलाते है और माहौल भी खराब करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह से सख्त है, इसलिए सभी लोगों से अपील है कि अपने बच्चों को समझाए कि वे घर से बाहर निकलकर किसी तरह की हुड़दंगबाजी न करे और न ही शराब पीकर निकले। पुलिस दोषियों को नहीं बख्शेगी और मामला दर्ज करेगी। इसके अतिरिक्त किसी भी लडके ने बुलेट बाइक से पटाखे फोड़े तो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगा। ऐसे लोगों के मुकदमे भी दर्ज होंगे और चालान भी काटा जाएगा। उन्होंने अपील की कि खुशी खुशी होली मनाओ, घर में रहकर होली मनाओ और होली पर हुड़दंगबाजी बर्दाश्त नहीं होगी।

## किवाना पुस्तकालय में देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित



**कमाल हुसैन**

**समालखा: शहीदी दिवस** पर पुस्तकालय किवाना में देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम में गांव किवाना के सरपंच चेनपाल छोक्कर, गांधी आदर्श कॉलेज के प्रो.रोहतास, मा.राजेश आर्य, कुलदीप धीमान, मदनपाल छौक्कर, मा.आनंद के द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं समिति द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गई। समिति द्वारा परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सरपंच चेनपाल छौक्कर ने शहीदों को याद करते हुए सभी महानुभावों का स्वागत भी किया। मुख्य वक्ता मास्टर राजेश आर्य आट्टा ने भगत सिंह के जीवन पर आर्य समाज का प्रभाव विषय पर विचार प्रस्तुत किए। शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति के सचिव डा शीशपाल ने भगत सिंह के जीवन पर विस्ता से प्रकाश डाला। समिति के सचिव मा.दिनेश शास्त्री ने मंच संचालन किया। कंवर सिंह ने देशभक्ति रागनी, जयभगवान ने देशभक्ति गीत, प्राध्यापक कुलदीप धीमान ने विदेश में देश छोडकर जाने वाले युवाओं पर ईश्क गीत सुनाया। पुस्तकालय संयोजक प्राध्यापक जसबीर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, मदनपाल छोक्कर ने सभी मेहमानों को सम्मानित किया। सबसे छोटे विद्यार्थी अनू ने देशभक्ति नारे लगाए । कार्यक्रम में राजेश कानूनगो, रत्न सिंह, रिशीपाल, अंकित छौक्कर, गौरव शर्मा, गौतम, डा.अशोक, रविन्द्र, विनोद फौजी, धर्मपाल, हवासिंह, मनोज, कृष्ण धीमान, सूबे सिंह, वेदप्रकाश, सचिन, रणबीर, ईश्म सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## टीडीआई रॉयल एस्पेनिया मे होली महोत्सव मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: टीडीआई रॉयल** एस्पेनिया सेक्टर 19में होली महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया , फूल,गुलाल से होली खेली तथा सभी गणमान्य हस्तियों एवम आयोजको ने जम कर नृत्य किया इस महोत्सव में श्री मोहन लाल बडोली विधायक राई,श्री राजीव जैन, कुलदीप नांगल चेयरमैन, बाबा अमित बिंदल,अशोक कौशिक (जिला अध्यक्ष आईएनएलडी) बिट्टू प्रधान (आईएनएलडी)शहर के मुख्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इसका आयोजन अभियान जागरूकता मंच के अध्यक्ष मा. रविंद्र वत्स तथा शिव युवा शक्ति संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर, सतेंद्र श्योराण, सुशील कुमार, आदेश वत्स,चांदराम,सुल्तान सिंह, राजेश, आंतिल राजेश कुमार ( डी पी), अश्वनी सूद, लखविंदर सिंह सग्गू, जगदीश आंतिल, सुखबीर खत्री, संजय शर्मा,संजय एडवोकेट ,घनश्याम, सुनील बधवार, नरेंद्र कुंडू ,बिजेंद्र , अश्वनी वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पानी की बर्बादी न करके सूखे रंगों से मनाएं होली का पर्वः सुषमा



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इनरव्हील क्लब** ऑफ करनाल उदय द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिसेज यूनिवर्स मोनिका आनंद को आमंत्रित किया गया। इस दौरान इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय के सभी सदस्य उपस्थित रहे। चंदन का तिलक लगाकर सभी का स्वागत किया गया। क्लब की प्रधान सुषमा वर्मा ने मिसेज यूनिवर्स मोनिका को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर क्लब सभी सदस्यों ने मिलकर मिसेज यूनिवर्स मोनिका आनंद के साथ नाच गाकर होली का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। क्लब के सदस्यों ने फूलों के साथ होली खेली। सुषमा वर्मा ने कहा कि होली प्रेम, प्यार और भाईचारे का पर्व है। होली के अवसर पर हमें आपसी भेदभाव को भुलाकर प्रेम व भाईचारे के साथ पर्व को मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पानी व पर्यावरण के महत्व को समझते हुए होली पर पानी की बबार्दी न करें, सूखे रंगों से होली खेलने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर शोभा लाठर, नीना उप्पल, रिति तनेजा, अंकुर गोयल, विदानशी, मोनिका व कुसुम नंदा आदि उपस्थित रही।

**भव्य समारोह**

**इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

## एसडी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस कैंप का रंगारंग समापन

### समुदायवाद और परस्पर मदद का भाव एनएसएस की आत्मा : दिनेश गोयल



**कमाल हुसैन**

**पानीपत: एसडी पीजी** कॉलेज में सात दिवसीय कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विशेष एनएसएस कैंप का विधिवत समापन हो गया। कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, उप.प्रधान राजीव गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल और प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने समापन समारोह में सभी प्रतिभागी एनएसएस कार्यकताओं को उनके उत्कृष्ट कार्य और सेवा भाव के लिए सराहा और उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित किये । इस अवसर पर कॉलेज एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ.राकेश गर्ग, डॉ.संतोष कुमारी और प्रो.मनोज कुमार उपस्थित रहे। वहीं होली की पूर्व संध्या पर छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण का सन्देश देते हुए कॉलेज प्रधान और प्राचार्य से आशीर्वाद लेते हुए सूखे रंगों और फूलों से जमकर होली खेली। प्रधान दिनेश गोयल, उप.प्रधान राजीव गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और प्राध्यापकों ने बच्चों को गुलाल लगाकर उनके प्रति अपने स्नेह का इजहार किया। संगीत की धुन पर छात्र.छात्राओं ने भी जमकर धमाल मचाया और ठुमके लगाए। दिनेश गोयल ने होली की बधाई देते हुए कहा कि एनएसएस कार्यकताओं को समाज के गरीब लोगों, भेदभाव की भावना, व्यसन की आदत, शारीरिक बीमारीयो, बेरोजगारी, शैक्षिक समस्याओं, अक्षमता तथा मानसिक बीमारीयों जैसी जीवन की कठिन चुनौतियों में दूसरों की मदद का जरिया बनना चाहिए। समुदायवाद और परस्पर मदद का भाव एनएसएस की आत्मा है।

**विधिवत**

**अक्षमता तथा मानसिक बीमारीयों जैसी जीवन की कठिन चुनौतियों में दूसरों की मदद का जरिया बनना चाहिए**

## परिश्रम करने से मन ना चुराएं विद्यार्थीः डॉ मनीषा



**कमाल हुसैन**

**पानीपत: कमाल हुसैन** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विकसित भारत 2047 युवाओं की आवाज विषय पर गांव नंगालखेड़ी में लगाए जा रहे सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत योगाभ्यास से हुई। प्रातः कालीन सत्र में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के पार्क, स्टोर रूम, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स व महाविद्यालय के आस-पास के क्षेत्रों में सफाई की। सभी विद्यार्थियों को 10 विभिन्न टीमों में बांटा गया और उन्होंने अलग.अलग जगह पर सफाई की। इसके साथ.साथ विद्यार्थियों में आपसी सहयोग की भावना को उजागर करने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे रस्साकशी, क्रिकेट, बैडमिंटन इत्यादि करवाई गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.विवेक गुप्ता ने बताया कि सांयकालीन सत्र में विद्यार्थियों को लघु प्रेरक फिल्म 12वीं फेल दिखाई गई। डॉ. मनीषा डुडेजा ने कहा कि जिस तरह से आप सभी ने बारहवीं फ ेल फिल्म में मुख्य कलाकार को जी तोड़ मेहनत करते हुए देखा है वैसे ही आप सभी को भी मेहनत करनी चाहिए। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने प्रो.विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा सहित समस्त एनएसएस टीम को कैंप के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# सामाजिक समरसता का उत्सव



गिरीश्वर मिश्र

भारतीय पर्व और उत्सव अक्सर प्रकृति के जीवन क्रम से जुड़े होते हैं। ऋतुओं के आने-जाने के साथ ही वे भी उपस्थित होते रहते हैं। इसलिए भारत का लोकमानस उसके साथ विलक्षण संगति बिठाता चलता है जिसकी झलक गीत, नृत्य और संगीत की लोक-कलाओं और रीति-रिवाजों सबमें दिखती है। साझे की ज़िंदगी में आनंद की तलाश करने वाले समाज में ऐसा होना स्वाभाविक भी है। हमारा मूल स्वभाव तो यही सुझाता है कि हम प्रकृति में अवस्थित हैं और प्रकृति हममें स्पंदित है। थोड़ा विचार करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारा अनोखा उपहार, क्योंकि सारी तकनीकी प्रगति के बावजूद अभी तक जीवन का कोई विकल्प नहीं मिल सका है। यह अलग बात है कि प्रकृति या दूसरे आदमियों के साथ रिश्तों को लेकर कृतज्ञता का भाव अब दुर्लभ होता जा रहा है। फागुन के महीने की पूर्णिमा से यह उत्सव पूरे भारत में शुरू होता है और बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है। होली का सामुदायिक उत्सव हमें अपने समग्र अस्तित्व को जाग्रत करने वाला होता है। वह हमें हमारे व्यापक अस्तित्व की याद दिलाता है। आज इस तरह की बात आसानी से हमारे ध्यान-पटल पर नहीं उतरती। वहाँ जिन विचारों, अनुभवों और भावनाओं की आपाधापी है, जिनके बीच मारकाट मची हुई है, उनकी भीड़ में आज न प्रकृति को आँख भर निहारने की फुर्सत मिल रही है और न यह सच्चाई ही महसूस हो पा रही है कि हम मूलतः प्रकृति जीवी है। पर इस सच को नहीं झुठलाया जा सकता कि जीवन निरपेक्ष नहीं होता। प्रकृति है तो ही जीवन है। जल, पृथ्वी, आकाश, अग्नि और वायु जैसे तत्व जीवन के अनिवार्य प्राणदायी आधार-स्रोत हैं और आगे भी बने रहेंगे। प्रकृति माता है और हम सब पर प्रकृति का अकूत ऋण है। इस प्रकृति को चुनौती देती और उसे तबदील कर मानव निर्मित तकनीकी सबकुछ पर हावी हो रही है। नित्य बढ़ते तमाम दबावों के बीच डूबता-उतराता आज का आदमी अपने जीवन में तकनीकी के प्रवेश के साथ खुद अपनी प्रकृति या स्वभाव को बेगाना बनाता जा रहा है। उसका तकनीकजीवी बनता जा रहा मानस जीवन और प्रकृति के साथ अपने अटूट रिश्ते को भूलता-बिसराता जा रहा है। तकनीक के सहारे जीवन में तेजी, त्वरा और गति ने कुछ इस तरह प्रवेश किया है कि अब दिन-प्रतिदिन की जगह क्षण-प्रतिक्षण होने वाली उथल-पुथल का हिसाब रखने और उसको सँभालते रहने की उतावली बनी रहती

> "प्रिय जनों और नातों-रिश्तों में आती दरारों से जुड़ी खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खियाँ बन रही हैं। इनसे जुड़ी घटनाओं में क्रूरता, अत्याचार, अपराध और हिंसा प्रमुख होते जा रहे हैं। जाहिर है दुर्दमित आकांक्षाओं के साये में ज़िंदगी जीने का यह नक़्शा आधा-अधूरा है और अपेक्षित रूप से फलदायी नहीं सिद्ध हो रहा है। पर आनंद की खोज की सिर्फ.यही राह नहीं है। गौरतलब है कि मनुष्य समाज में पैदा होता है और उसी में पलता-बढ़ता भी है। सामाजिकता उसकी रगों में बसी रहती है और सामाजिक जीवन प्रकृति के समानांतर चलने को तत्पर रहता है। होली के दौरान उत्फुल्लता मन और वन दोनों में एक साथ निखर कर सामने आती है। वसंत का चरम उत्कर्ष तब होता है जब शीत काल की ठिठुरन बीतने के बाद परिवेश में ऊष्मा का संचार होता है"



है। अब पग-पग पर तकनीक की जरूरत पड़ रही है और तकनीक के बढ़ते दखल से बेचैनी भी बढ़ रही है। जीवन की दौड़ में विराम, विश्राम और सुकून अब सपने में भी दूभर होता जा रहा है। हाँ, यह जरूर हुआ है कि अब दुःख-सुख, प्रेम-मोहब्बत और मान-मनौवल जैसी भावनाओं का इजहार-इकरार सब कुछ मानवीय संवेदना से दूर तकनीक के सुपुर्द होता जा रहा है। जीवन की गाड़ी उसी के भरोसे चल रही है। तकनीकजीवी का जीवन आदमी का अपना जीवन नहीं होता है। वह टिका हुआ है सूचना के अनवरत प्रवाह पर। इसमें आगत से अधिक अनागत या ठीक से कहें तो जो आने वाला है या आ सकता है उसकी चिंता और भय वर्तमान को डंसे जा रहे हैं। इसलिए कुछ करने से अधिक जो हो रहा है उसकी पल-पल निगरानी और हिसाब-किताब करते रहने की जरूरत बढ़ती जा रही है। लोग लगातार ई-मेल या व्हाट्सएप देखने को बेताब रहते हैं और मोबाइल पर उनकी उंगली लगातार चलती रहती है। श्वास-प्रश्वास की तरह मोबाइल-संचालन हमारे जीवन का एक अहर्निश चलने वाला व्यापार होता जा रहा है। यह जरूर है कि इसमें एक किस्म की सृजनशीलता का भ्रम जरूर छिपा रहता है और लगता है कि हम कुछ कर रहे हैं। तकनीकी संलग्नता के बीच संवाद और संचार तो होता है पर इस उद्यम में अपनी सक्रियता देख-देख यह अहसास भी होने लगता है कि हम अपनी विशिष्टता और अद्वितीयता स्थापित कर रहे हैं। आधुनिक जीवन की यह विकट विडंबना है कि हम अपने अस्तित्व को सबसे विलग (डिस्टिंक्ट) हो कर प्रमाणित करने का अभ्यास करने में लगे रहते हैं। वैयक्तिकता और निजता व्यक्ति के विकास की दिशा निर्धारित कर रहे हैं। अपने आप को भिन्न दिखने-दिखाने की ख्वाहिश या कहें असमान लगने की कामना हमें निपट अकेला करती जाती है। पर अकेलेपन की ओर धकेली जाती ज़िंदगी ज्यादा संतुष्टि और सुख नहीं दे पाती है। आज हम देख रहे हैं कि समायोजन न बैठ पाने के कारण इन स्थितियों की परिणति अवसाद और दुश्चिंता आदि विभिन्न मनोरोगों के रूप में हो रही है। यही नहीं, विशिष्ट बनने के क्रम में दूसरों के साथ टकराव और प्रतिस्पर्धा भी अनिवार्य रूप से शुरू हो जाती है। प्रिय जनों और नातों-रिश्तों में आती दरारों से जुड़ी खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खियाँ बन रही हैं। इनसे जुड़ी घटनाओं में क्रूरता, अत्याचार, अपराध और हिंसा प्रमुख होते जा रहे हैं। जाहिर है दुर्दमित आकांक्षाओं के साये में ज़िंदगी जीने का यह नक़्शा आधा-अधूरा है और अपेक्षित रूप से फलदायी नहीं सिद्ध हो रहा है। पर आनंद की खोज की सिर्फ. यही राह नहीं है। गौरतलब है कि मनुष्य समाज में पैदा होता है और उसी में पलता-बढ़ता भी है। सामाजिकता उसकी रगों में बसी रहती है और सामाजिक जीवन प्रकृति के समानांतर चलने को तत्पर रहता है। होली के दौरान उत्फुल्लता मन और वन दोनों में एक साथ निखर कर सामने आती है। वसंत का चरम उत्कर्ष तब होता है जब शीत काल की ठिठुरन बीतने के बाद परिवेश में ऊष्मा का संचार होता है। खिलखिलाते रंग-बिरंगे फूलों के गहनों से लदी सजी प्रकृति सबके स्वागत के लिए सजीव हो उठती है। तब खुद को जीवन-कार्य में जोड़ने की तैयारी का अवसर मिलता है। खेती-किसानी के लिए भी होली एक प्रस्थान विंदु जैसा होता है। के साथ कुछ दिन बाद चैत के महीने में वासंतिक नवरात्र के साथ भारतीय नव वर्ष शुरू होता है। नए की भावना द्वंद्वों और संघर्षों से उबरते हुए नए समारंभ करने की प्रेरणा वाली होती है। रंगों और प्रेम भाव से सुवासित समानता और समता की गारंटी देने वाला होली का उत्सव ऊँच-नीच हर किसी को शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है। वह आवाज देता है कि अपने-अपने अहं का विसर्जन कर आगे आओ। होली के पहले रात को होलिका-दहन होता है जिसमें अपने सारे कल्मष जला कर नई शुरूआत करने का संकल्प लिया जाता है। यह वैर का दहन कर उल्लास का प्रसाद बाँटने का अवसर होता है। होली का अवसर राधा कृष्ण के स्मरण के साथ भी अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। अबीर, गुलाल, कुंकुम और रंग की पिचकारी से सराबोर ब्रज-क्षेत्र (मथुरा, वृंदावन, नंद गाँव, बरसाना और गोकुल) की होली दुनिया भर में प्रसिद्ध है। रंगों में भींगने भिंगाने के बाद होली के दिन रुचिकर व्यंजन भी बनते हैं और परिजनों के साथ खान-पान का आनंद लेते हैं। संगीत और काव्य की दृष्टि से होली का अवसर सर्जनशीलता को आमंत्रित करता रहा है।

सभी सबको एक रंग में रंगने को आतुर रहते हैं। सब को एक सा बनाने का प्रयोजन सौहार्द और निकटता की भावना को जगाना होता है। इसका एक अभिप्राय यह भी है कि हम उस अविभक्त अव्यय भाव को महसूस करें जो अव्यक्त हो कर सबके अंतर्मन में व्याप्त रहता है। अपनी-अपनी अस्मिताओं को बचाने और बनाने का उत्सव तो सब करते हैं पर उसे छोड़ कर व्यापक समष्टि की अस्मिता अपनाने का साहस दिलाना होली का प्रयोजन है। अपनी अस्मिता को छोड़ या उसका विस्तार कर बड़ी अस्मिता को अंगीकार करना सामाजिक परिवर्तन की शक्ति होता है। समानताओं की पहचान भी जरूरी है। हम सिर्फ. एक दूसरे से भिन्न हैं यह कहना अधूरी बात होगी और असत्य भी क्योंकि हम सबमें व्यापक समानताएँ भी हैं। मनुष्य होने के लक्षण सबमें हैं और मनुष्यता भी इसीलिए जीवित है सभी किसी न किसी सीमा तक उस मनुष्यता से जुड़ रहे हैं। संकुचित और छुद्र अस्मिताओं से ऊपर उठ कर देश और समाज की व्यापक अस्मिता का अंग बनते हुए ही हम उन्नति के पथ पर आगे बढ़ सकते हैं।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

## संपादकीय

# होली का इतिहास, परम्परा, हुल्लड़ और सावधानियां

**बिहार** में कुर्ता फाड़ होली भी खेली जाती है, जो विदेशों में भी काफी प्रसिद्ध है। लोग बताते हैं कि इस दिन के लिए खास तैयारी की जाती है। बाजार में स्पेशल कुर्ते बिकते हैं, जिनकी काफी डिमांड रहती है। यहां होलिका दहन की राख एक-दूसरे को लगाई जाती है, जिसे काफी शुभ माना जाता है। होली वाले दिन पहले गुलाल से सूखी होली खेली जाती है। इसके बाद पुरुष कुर्ता फाड़ होली खेलते हैं। वहीं मथुरा में लठ्ठमार होली तो उत्तराखंड में बैठकी होली की धूम है। इतिहास बताता है कि होली के त्योहार को मनाने की शुरूआत बिहार के पूर्णिया जिले से हुई थी। माना जाता है कि पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड के सिकलीगढ़ में आज भी वह स्थान है, जहां होलिका अपने भाई हिरण्यकशिपु के कहने पर भक्त प्रह्लाद को गोद में लेकर जलती चिता पर बैठ गई थी। दावा किया जाता है कि पूर्णिया में ही वह खंभा भी मौजूद है, जहां भगवान विष्णु नरसिंह अवतार में प्रकट हुए थे। इसके बाद उन्होंने हिरण्यकशिपु का वध किया था। सिकलीगढ़ में हिरण्यकशिपु का किला था। यहीं पर भक्त प्रह्लाद रहते थे। स्थानीय बुजुर्गों की मानें तो पूर्णिया में आज भी उस काल के टीले मौजूद हैं। इसी दिन भोलेनाथ ने कामदेव को उनकी तपस्या भंग करने के प्रयास में भस्म कर दिया था। लेकिन देवी रति की प्रार्थना पर उन्होंने कामदेव को क्षमादान देकर पुनर्जन्म दिया। साथ ही रति को यह वरदान दिया कि वह श्रीकृष्णा के पुत्र रूप में जन्म लेंगी। कामदेव के पुनर्जन्म और देवी रति को प्राप्त वरदान की खुशी में संपूर्ण विश्व में फूलों की वर्षा हुई। हर तरफ गुलाल उड़ाकर आंनदोत्सव मनाया गया। कहा जाता है कि यह तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा थी। तब से ही इसे पर्व रूप में मनाया जाने लगा।

**बदलता स्वरूप**

रंगों और खुशियों का त्योहार होली अक्सर कई परिवारों के लिए बेरंगा और दुखदायी हो जाता है। वजह है खतरनाक रासायनिक रंगों का दुष्प्रभाव। रंग-बिरंगे त्योहार की खुशियाँ हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं। पुराने समय में होली और रंगों का संबंध सीधे प्रकृति से था, सादगी और समन्वय से था, आज इस त्योहार में अक्सर रंग में भंग होता देखा जा सकता है, वजहें अनेक हैं लेकिन रासायनिक घातक रंगों के दुष्प्रभावों के चलते सेहत की दुर्दशा तय है। बाजार से खरीदे रंग रसायनों से भरपूर हो सकते हैं। इन रंगों का दुष्प्रभाव हमारी सेहत पर इतना ज्यादा हो सकता है कि जिसकी कल्पना करना मुश्किल है। त्वचा पर एलर्जी से लेकर आंखों की रोशनी छिन जाने और कैंसर जैसे भयावह रोग होने तक के प्रमाण मिल चुके हैं। ऐसे में रंगों के त्योहार "फगुआ" को मनाना जी का जंजाल हो सकता है। रासायनिक रंग हमारे शरीर पर त्वचा रोग, एलर्जी पैदा करते हैं। दूसरी तरफ आँखों में खुजली, लालपन, अंधत्व के अलावा कई दर्दनाक परिणाम देते हैं। इन रंगों की धुलाई होने पर ये नालियों से बहते हुए बड़े नालों और नदियों तक प्रवेश कर जाते हैं और प्रदूषण के कारक बनते हैं। रसायनों से तैयार रंग जैसे काला, किडनी को प्रभावित करता है, हरा रंग आंखों में एलर्जी और कई बार नेत्रहीनता तक ले आता है, वहीं बैंगनी रासायनिक रंग अस्थमा और एलर्जी को जन्म देता है, सिल्वर रंग कैंसर कारक है तो लाल भी त्वचा पर कैंसर जैसे भयावह रोगों को जन्म देता है।

## कविता

### पवित्र होली

आओ कलियों की खुशबू
और रंग से हो जाएं सराबोर।

आओ कलियों की खुशबू
और रंग से हो जाएं सराबोर।
खेलें ब्रज की होली सखी री,
हो जाएं मदहोश रंगो के रंग से,
पिया के रंग से,पिया के संग से।
मासूम कलियां की खुशबू और गुलाबी रंग लेकर,
अमलतास और टिशू के मीठे मीठे मदहोशी के रंग चुरा कर,
झरनों की चंचलता के संग,
लताओं से पेड़ों से हरियाली ले,
पर्वतों की थोड़ी दृढ़ता के साथ,
मछलियों की चंचलता मोहे,
हिरनियों के चक्षु नयन श्रृंगार सी, आओ तुम शरमाई सिमटी सी
ओस की नरमी लेकर,
छुईमुई शर्माई सी लिपट जाओ,
ना तुम्हें होश रहे,
ना हमें ख्याल रहे,
पवन की स्निग्धता के संग,
खरगोश चपलता से एक हो जाए,
हम पिया के संग,
रंग से सराबोर,
राधा कृष्ण की पवित्रता लिए,
गंगा जमुनी जल से भीगे भीगे

संजीव

## धर्म संप्रदाय के साथ होली के खुशनुमा रंग पर

**संजीव**

**होलिकात्सव** यह एक ऐसा अद्भुत त्यौहार है जिसे देश मे अनेक धर्म संप्रदाय होने के बावजूद इसे बहुत ही उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया जाने वाला महापर्व माना गया है इसे समरसता का एक बड़ा प्रतीक भी माना गया है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। निसंदेह इ भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है कि भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्वमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था। भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मों को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है।

## विचार

# आपसी भाईचारे और सद्भावना का संदेश देती है होली

**योगेश कुमार गोयल**

**खुशी** और उत्साह का प्रतीक रंगों का पर्व होली न केवल सभी को रंगों से खेलने का अवसर प्रदान करता है बल्कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिवार और दोस्तों के साथ कुछ पल सुकून के साथ बिताने का समय भी प्रदान करता है। हमारे प्रत्येक त्योहार, व्रत, परम्परा और मान्यताओं में एक खास संदेश निहित है। होली भी हमारे जीवन में रंगीनियत भरते हुए उसे फिर से खुशियों से सराबोर करती है और खुलकर जीने का अहसास कराती है। यह पर्व आसुरी शक्तियों पर देवत्व की विजय का प्रतीक पर्व है, जो हमें नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मकता को अपनाते हुए उसके संग उत्सव मनाने का संदेश देता है। गिले-शिकवे भुलाकर खुशियां बांटने का पर्व है होली, इसलिए संबंधों को मजबूत बनाने और यदि किसी भी प्रकार की कड़वाहट चल रही है तो यह पर्व उसे भी भुलाकर पास आने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। जीवन में खुशियों के रंग घोलता होली का त्योहार आपसी भाईचारे और सद्भावना का संदेश देता है। रंगों के इस त्यौहार पर भला कौन ऐसा व्यक्ति होगा, जो आपसी द्वेषभाव भुलाकर रंग-बिरंगे रंगों में रंग जाना नहीं चाहेगा लेकिन रंगों का असली मजा भी तभी है, जब रंगों का रचनात्मक उपयोग किया जाए और होली खेलने के लिए भी केवल सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों का ही उपयोग करें। दरअसल लोग एक-दूसरे पर रंग डालकर, गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार तो करते हैं लेकिन होली के दिन प्राकृतिक रंगों के बजाय चटकीले रासायनिक रंगों का बढ़ता उपयोग चिंता का बड़ा कारण बनने लगा है। बाजार में बिकने वाले अधिकांश रंग अम्लीय अथवा क्षारीय होते हैं, जो व्यावसायिक उद्देश्य से ही तैयार किए जाते हैं और थोड़ी सी मात्रा में पानी में मिलाने पर भी बहुत चटक रंग देते हैं, जिस कारण होली पर इनका उपयोग अंधाधुंध होता है। ऐसे रंगों का त्वचा पर बहुत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इसलिए बेहतर यही है कि या तो बाजार से अच्छी गुणवत्ता वाले हर्बल रंग-गुलाल ही खरीदें या इन्हें घर पर ही स्वयं तैयार करें। शुष्क त्वचा वाले लोगों और खासकर महिलाओं तथा बच्चों की कोमल त्वचा पर अम्लीय रंगों का सर्वाधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। अम्ल तथा क्षार के प्रभाव से त्वचा पर खुजलाहट होने लगती है और कुछ समय बाद छोटे-छोटे सफेद रंग के दाने त्वचा पर उभरने शुरू हो जाते हैं, जिनमें मवाद भरा होता है। यदि तुरंत इसका सही उपचार कर लिया जाए तो ठीक, अन्यथा त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियां भी पनप सकती हैं। घटिया क्वालिटी के बाजारू रंगों से एलर्जी, चर्म रोग, जलन, आंखों को नुकसान, सिरदर्द इत्यादि विभिन्न हानियां हो सकती हैं।

कई बार होली पर बरती जाने वाली छोटी-छोटी असावधानियां भी जिंदगी भर का दर्द दे जाती हैं। इसलिए यदि आप अपनी होली को खुशनुमा और यादगार बनाना चाहते हैं तो इन बातों पर अवश्य ध्यान दें। रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करें। ज्यादातर बाजारू रंगों में इंजन ऑयल तथा विभिन्न घातक केमिकल मिले होते हैं, जिनका त्वचा पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। होली खेलने से पहले चेहरे तथा पूरे शरीर पर सरसों अथवा नारियल का तेल या कोल्ड क्रीम अथवा सनस्क्रीन क्रीम लगा लें ताकि रोमछिद्र बंद हो जाएं और रंग त्वचा के ऊपरी हिस्से पर ही रह जाएं। इससे होली खेलने के बाद त्वचा से रंग छुड़ाने में भी आसानी होगी। होली खेलने से पहले बालों में अच्छी तरह तेल लगा लें और नाखूनों पर कैस्टर ऑयल लगाएं ताकि बाद में रंग आसानी से छुड़ाया जा सके। होली खेलने जाने से पूर्व आंखों में गुलाब जल डालें और जहां तक संभव हो, आंखों पर चश्मा लगाकर होली खेलें ताकि रंगों का असर आंखों पर न पड़ सके। होली खेलने के तुरंत बाद स्नान अवश्य करें लेकिन त्वचा से रंग छुड़ाने के लिए कपड़े धोने के साबुन, मिट्टी के तेल, चूने के पानी, दही, हल्दी इत्यादि का प्रयोग हानिकारक है। चेहरे पर लगे गुलाल को सूखे कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें और रंग लगा हो तो नारियल तेल में रूई डुबोकर अथवा क्लींजिंग मिल्क से हल्के हाथ से त्वचा पर लगा रंग साफ करें।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# ई डी वालों ने घेर लई, श्याम दारु भरने गई !

**घनश्याम बादल**

**होली व्यंग्य :**

होली हंगामा

ई डी वालों ने घेर लई,श्याम दारु भरने गई !

डॉ० घनश्याम बादल

आखिर दिल्ली में खेला हो ही गया । झाड़ू वाले बाबू दारू वाले केस में धर ही लिए गए । बेचारे कितने दिनों से कह रहे थे हम तो कट्टर ईमानदार हैं । एक घूंट पानी मिलाकर नहीं बेचते, अपनी अपना रंग और भंग दोनों ही एकदम प्योर हैं । पर यें मुए ई डी वाले मानें तब न ! उनकी दारू में पानी भी ढूंढ लिया और उनका ह्यपानीह्न भी उतार दिया अब ऊपर से झाड़ू घर पर भी कब्जे के फिराक में घूम रहे हैं। राम जाने क्या होगा अब?

भंग का पटियाला पैग चढ़ाए बुड़बक सिंह इस बार भी हर बार की तरह फुलफंटास लोगों के खिलाफ होली के मौके पर कमेंट्री के साथ आ टपका घर पर । तो जैसे ही भंग का रंग चढ़ा बुड़बक के भीतर का कनकव्वा अनकंट्रोल्ड होकर 'कांव - कांव' करने लगा । तो सुनिए क्या - क्या बका बुड़बक रूपी कनकव्वे ने । जो काम का लगे उसे झोली में डालिए और .... कुछ गलत - सलत हो जाये डालिए होली में।

**दृश्य १ :400 पार ,रार तकरार :**

हिंदुस्तान में विपक्षीलाल जी इस उम्मीद में हर इलेक्शन में मुंडिया रगड़वाते रहे हैं कि कभी तो इनका भी 'खेला होई बे करी' पर बेचरों की दाल नहीं गलती तो नहीं गलती । हर बार इनके विरोधियों के हिस्से कुर्सी आ जाती है और इनके हिस्से स्यापा ..... मगरमच्छों के इलाके में मछली की भी किस्मत खुलती है भला ? अब कौन समझाए बुड़बक मियां को । न सीखने की ठाने हुए हैं और अगले इलेक्शन में भी । उधर दूसरी ओर से दढियल बाबा बार-बार हुंकार हुंकार कर कह रहे हैं अबकी बार 400 पारह्न और इधर नाकारा कारवां के बीच विपक्ष का चिकना चेहरा गोल-गोल घूमे जा रहा है देश प्रदेश में। जरा उनका राग बेसुरा सुनिए तनिक

अंतर मंतर, जादू जंतर,
खतरे में है लोकतंतर
सुन रे बबुआ,सुन रे झबुआ !
पीकर व्हिस्की, जिन ङ्ग
ताक धिना धिन, धिन - धिन - धिन ।
पीछे से नमो नमो का गीत बजता है एक मोटा सा जमूरा गा गा कर कहने लगता है

## होली के रंगों से आँखों को बचाएं

**डॉक्टर महिन्दर सिंह बासु**

**होली** खेलते हुए आंखों में रंग चला जाना आम बात है। लेकिन इसके प्रति लापरवाही उम्र भर आपकी आँखों को खराब कर सकती है और आप इसका भारी खमयाजा भर सकते हैं क्योंकि इससे आंखों की रोशनी जा सकती है। होली खेलते समय ज्यादातर लोग अपनी त्वचा और बालों को लेकर काफी सतर्कता बरतते हैं। लेकिन अपनी आंखों के प्रति लापरवाही कर बैठते हैं। होली खेलती बार अगर खराब केमिकल / रंग आपकी आँखों के अन्दर चला जाये तो यह आपकी आंखों की पुतलियों को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे ग्लूकोमा, आंखों में सूखा पन और आँखों की नजर कमजोर हो सकती है / होली पर अगर आंखों में खराब केमिकल / रंग चला जाए तो तत्काल कुछ उपाय करने से आँखों को होने बाले नुकसान से बचाया जा सकता है / होली पर अक्सर लोगों की आंखों में खराब केमिकल , गुलाल या रंग चला जाता है जिससे जलन होने लगती है और आंखों में पानी आने लगता है। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपनी आंखों को तुरंत हाथों, रूमाल या टिश?यू से रगड़ने लगते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इससे कॉर्निया में घर्षण हो सकता है और आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। आंख साफ करने के लिए इसके प्रयोग से बचें। आंखों को रंगड़ने की वजह से रंग आंखों के अंदर तक फैल सकता है जिससे आंखें लाल हो सकती हैं। इससे आंखों में सूजन या संक्रमण की समस्या भी हो सकती । जितना संभव हो अपनी आंखों को रंगों से बचाकर रखना है। अगर आंखों में रंग चला जाए तो कॉटन के कपड़े की मदद से आंखों को साफ करें। आंखों की अच्छी और पूरी तरह से सफाई के लिए एक स्टेराइल आई वॉश सॉल्यूशन का उपयोग करें / आंखों में रंग चला जाएए तो तुरंत राहत के लिए सादे पानी से आंखों को धो लेना चाहिए। लेकिन ध्यान रखें कि पानी को आंखों में छिड़कने से पहले जरूरी है कि आप अपने हाथों को अच्छी तरह धो लें क्योंकि गन्दे हाथों से आँखों को धोने से हाथों की गन्दगी आँखों को नुकसान पहुंचा सकती हैं / आंखों को धोने के लिए हल्का ठंडा पानी का उपयोग कर सकते हैं। अगर हल्का ठंडा पानी उपलब्ध न होए तो सादे पानी का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### इनलो हरियाणा की सभी सीटों पर लड़ेगी लोस चुनाव : कुलदीप राठी

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: इनलो के जिला** उपाध्यक्ष अशोक डोलिया द्वारा अंसध रोड के ज्योति नगर में आयोजित कार्यक्रम में इनलो के पानीपत ग्रामीण अध्यक्ष कुलदीप राठी ने पहुंचकर बुजुर्ग व युवाओं का आशीर्वाद लिया। यहां पहुंचने पर इनलो नेता कुलदीप राठी का कालोनी वासियों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं कालोनी वासियों को संबोधित करते हुए कुलदीप राठी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इनलो पूरी मजबूती के साथ 10 की 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा और जजपा की गठबंधन सरकार में जो लूट भ्रष्टाचार का खेल खेला गया उसको लेकर के आज प्रदेश की जनता में बहुत भारी आक्रोश है। भाजपा ने एक भी वादा भी पूरा नहीं किया। अब हमारी सरकार बनने पर बुजुर्गों की पेंशन 7500 रुपए की जाएगी।

### रात ढाई बजे क्लब में बज रहा था डीजे, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर थाना क्षेत्र** के गांव राठधना रोड स्थित एक क्लब में रात को झगड़े की सूचना पर गई पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो वहां देर रात ढाई बजे डीजे बजाने का पता लगा। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सदर थाना के सुरक्षा एजेंट सुरेंद्र ने बताया कि पुलिस को रात के समय क्लब में झगड़े की जानकारी मिली थी। जिस पर जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में रात ढाई बजे डीजे बजता मिला। क्लब मालिक रात को डीजे बजाने की अनुमति नहीं दिखा सका। जिस पर उसके खिलाफ प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी के आधार पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### तेज रफ्तार दो-पहिया वाहन चालक ने व्यक्ति को चपेट में लिया

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर थाना** क्षेत्र में तेज रफ्तार दो-पहिया वाहन चालक ने व्यक्ति को चपेट में ले लिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपित दो-पहिया वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-15 निवासी सतीश कुमार ने बताया कि वह नेवी से रिटायर्ड है। गत 22 मार्च को करीब 11.15 बजे अपने चाचा बलवान के साथ अपनी स्कूटी पर सवार होकर पीएनबी मुरथल रोड पर आया हुआ था। स्कूटी को पार्किंग में खड़ी कर रहा था। एक मोटरसाइकिल सवार ने तेज रफ्तार से उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपित बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द आरोपित की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: मुरथल थाना पुलिस ने** ढाबे से लाखों रुपये की राशि व जेवरात चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप उर्फ छोटू निवासी असदपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था।

कृष्ण साधना केंद्र मुरथल निवासी राजीव ने गत 22 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह रॉयल ऋषि ढाबा में रहता है। जोकि हाल में टूटा हुआ है। वहा पर उसने अपना सामान रखा हुआ है। वह ढाबा पर ही रहता है। किसी ने उसके लोहे के बक्से को चोरी कर लिया। बक्से के अंदर ढाई लाख रुपये की राशि व करीब पांच तोले सोना रखा हुआ था। अपने स्तर पर बक्से की तलाश की। उसका बक्सा टूटा हुआ मिला। उसे नकदी व गहने चोरी हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में गीतों के माध्यम से दर्शकों का दिल जीता

## रोटरी क्लब गन्नौर व प्रयास इंटरनेशनल स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: प्रयास इंटरनेशनल** स्कूल में होली का सूफियाना अंदाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब व प्रयास इंटरनेशनल स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावक होली के रंग भरे गीतों में झूमते नजर आए।



कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने शिरकत की। गेस्ट आफ ऑनर रोटरी क्लब एवं प्रयास इंटरनेशनल स्कूल की ऑर्गेनाईजिंग कमेटी के सदस्य सुरेश बत्रा, स्कूल निदेशक एवं रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर डा. संजय जैन, अमित बत्रा, स्कूल के रजिस्टार डा. मनोज, प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा, रोटरी क्लब प्रधान राजेश जैन, सचिव विकास जैन, पूर्व प्रधान डा. जोगेन्द्र धनखड़, वेद प्रकाश राठी, संजीव गुप्ता,राकेश सिंधवानी, विनोद बंसल प्रोजेक्ट चेयरमैन ने नीरज जैन अध्यक्ष लोटस ग्रुप, नपा चेयरमैन अरूण त्यागी, एसीपी गोरखपाल राणा, समाजसेविका डा. मीनाक्षी ढीगड़ा, संजीव गोयल, अतुल जैन ,अमित जैन, संदीप जेटली आदि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। निजामी ब्रदर्स द्वारा सूफियाना अंदाज गीत व कव्वाली की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रयास स्कूल के छात्रों ने शिव आराधना व सुंदर नृत्य के माध्यम से शुरूआत की। स्कूल निदेशक डा. संजय जैन व अमित बत्रा ने स्कूल के विद्यार्थियों को अनमोल उपहार दिया। स्कूल निदेशक अमित बत्रा ने कहा कि विद्यालय में पहले से ही जेईई, नीट आदि परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है, बहुत से छात्रों ने परीक्षा भी पास की है। अब स्कूल ने नए सत्र से विख्शत ग्रुप फिजिक्स वाला स्कूल में छात्रों की तैयारी करवाएगा।

स्कूल के लिए बड़े गर्व की बात है। नए सत्र में आरंभ से ही सुचारू रूप से हमारी कोचिंग कक्षा शुरू हो जाएगी। स्कूल निदेशक डा. संजय व अमित बत्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## द पुष्प वर्ल्ड स्कूल व मदर्स प्राइड स्कूल का रंग बरसे (होली उत्सव)




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: पुष्प ग्रुप द्वारा** संचालित द पुष्प वर्ल्ड स्कूल व मदर्स प्राइड स्कूल का रंग बरसे (होली उत्सव) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि स्कूल के चेयरमैन सुनील त्यागी, सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा त्यागी, सुश्री मोनिका त्यागी, सुश्री अनुश्रुति, सुश्री श्वेता, सुश्री रुचि ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर सभी अतिथियों का स्कूल के निदेशक डॉ. नीरज त्यागी एचओडी एडमिन नीतू त्यागी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। रंगों के साथ सौंदर्य ईवा- सुश्री रजनी, सर्वश्रेष्ठ रंगीन पोशाक वाली ईवा, सुश्री शिल्पी वत्स और सुश्री पायल रही, सर्वश्रेष्ठ रंगीन नेल आर्ट ईवा व सुश्री रोमा, सर्वश्रेष्ठ रंगीन और स्टाइलिश हेयर क्वीन सुश्री बेबी, तंबोला क्वीन- सुश्री प्रीति, रंगों के साथ सौंदर्य ईवा-(बच्चे)- सुश्री रमणीक रही। कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में उन महान शहीदों को याद किया गया। जिनकी बदोलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे है।

### जगह-जगह होलिका दहन किया गया

**समालखा**

**कुलदीप सिंह: होली** की पूर्व संध्या पर शहर में जगह-जगह होलिका दहन किया गया और इसी के साथ ही रंगो के त्यौहार का आरम्भ हो गया। इससे पहले दिनभर महिलाओं ने बच्चों के साथ बैनीवाल मोहल्ला, ब्लूजे रोड, पुरानी गुड़मंडी आदि जगहों पर जाकर होलिका पूजन करते हुए मंगल कामना की। इस दौरान बच्चों के गले में बताशे, मूंगफली, मखाने, बिस्किट आदि की माला डाले हुए तथा महिलाएं हाथों में नारियल लेकर होलिका दहन पर पहुंची और उन्होंने बच्चों के साथ होलिका की परिक्रमा करते हुए धागा बांधा। इसके बाद आरती व पूजा अर्चना की।

# एक फौजी एक पेड़ अभियान के तहत रोपे 100 पौधे

## होली के पावन अवसर पर गांव जुआं में चलाया गया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले को हराभरा** बनाने के सपने को सार्थक बना रहे पर्यावरण परिवार की तरफ से होली के पावन अवसर पर गांव जुआं में एक फौजी एक पेड़ अभियान चलाया गया। ट्रीमैन देवेंद्र सूरा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत गांव में विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे रोपे गए। गांव जुआं के फौजियों ने इस अभियान को एक अनूठी पहल बताया। उन्होंने कहा कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाया गया यह कदम क्षेत्र को हरा भरा बनाने और लोगों को शुद्ध वायु उपलब्ध करवाने की दिशा में अहम कड़ी साबित होगा। ट्रीमैन



देवेंद्र सूरा ने बताया कि एक फौजी एक पेड़ अभियान के तहत होली के पर्व पर गांव जुआं में विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे रोपे गए हैं। इस अभियान को एक फौजी एक पेड़ नाम दिया गया है। देवेंद्र सूरा ने बताया कि फौजी देश की शान होते हैं। वह विपरीत परिस्थितियों में भी सीमा पर डटे रहते हैं और अपनी जान की परवाह किए बगैर हमारी बाहरी ताकतों से रक्षा करते हैं। इसी प्रकार देश के अंदर बढ़ने वाले पर्यावरण प्रदूषण को जड़ से खत्म करने और लोगों को शुद्ध वायु उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है। जिसमें गांव जुआं के फौजियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और पौधरोपण किया। जांच जुआं निवासी व फौजी व कोच बलवंत, अखाड़ा संचालक संजीत, धर्मबीर, करतार सिंह, मामन, धर्मबीर, सुशील, फौजी अजय, फौजी जयपाल ने बताया कि पर्यावरण मित्र देवेंद्र सूरा, विक्रम, प्रशांत बूरा, विनोद संजू सहित अन्य ने गांव में अभियान की शुरूआत की है। जोकि काबिले तारीफ है। पर्यावरण परिवार के सदस्यों द्वारा गत वर्षो पहले गांव में ऑक्सीजन बाग भी लगाया था। जिसमें आज पौधे पेड़ का रूप ले चुके है।

### उधार दिए रुपये मांगे तो युवक व भाई को रास्ते में रोककर पीटा

**सोनीपत: शहर थाना क्षेत्र** में युवक को उधार दिए रुपये मांगना महंगा पड़ गया। आरोपित है कि युवक ने रुपये वापस देने के बजाय अपने साथियों संग मिलकर युवक व उनके भाई पर हमला कर दिया। गढ़ी ब्राह्मणान में पार्क के सामने उनके सिर पर ईंट मारने के साथ ही डंडे से पीटा गया। दोनों भाइयों को अस्पताल में उपचार दिलाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। विशाल नगर निवासी कृष्ण ने बताया कि उन्होंने विकास उर्फ कालू को 30 हजार रुपये उधार दिए थे। उन्होंने 22 मार्च का विकास से अपने रुपये वापस देने को कहा था। इस पर उसने एक-दो दिन में रुपये देने को कहा था। कृष्ण ने बताया कि रात नौ बजे वह अपने भाई अमित के साथ गांव गढ़ी ब्राह्मणान में अपनी बुआ के घर अपने घर आ रहे थे। जब वह गढ़ी ब्राह्मणान में पार्क के सामने पहुंचे तो अचानक पीछे से आकर विकास उर्फ कालू, राहुल उर्फ ताऊ और राहुल उर्फ डाला तथा तीन अन्य युवक आ गए। उन्होंने रास्ते में अपनी बाइक व स्कूटी खड़ी कर उनका रास्ता रोक लिया। उसके बाद उन्होंने डंडे से उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं उन्होंने उनके व उनके भाई के सिर में ईंट मार दी।

# सनातन धर्म ने निकाली होली मिलन शोभायात्रा

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: श्री सनातन धर्म** संगठन के तत्वावधान में आज श्री कांशीगिरी मन्दिर में होली महोत्सव में ब्रह्मर्षि श्री नाथ जी महाराज, श्री राधे.राधे जी महाराज, श्री गौरव गोस्वामी जी महाराज जी ने अपना आशीर्वाद सभी आए हुए भक्तों के ऊपर पुष्प वर्षा कर के दिया। फूल होली मिलन शोभायात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विजय जैन, सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया एवं विकास गोयल को पगड़ी पहनाकर व श्याम पट्टिका



ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यात्रा में सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण रेवड़ी, युधिष्ठिर शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, मुरारी चुघ, युद्धवीर रेवड़ी, ओम प्रकाश ढींगड़ा, अशोक नारंग, चन्द्रभान वर्मा, वेद बांगा, कृष्ण गोपाल सेठी, रमेश माटा, कैलाश लूथरा, राम नारायण रावल, प.केवल कृष्ण शर्मा, डा.रमेश चुघ आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल पांच आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल लाइन थाना क्षेत्र** के कामी रोड पर चिकित्सक पर उसके खेत में जुआ खेलाने सहित उसकी पत्नी, मां और भाभी कवर देने के मामले में पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपितों को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। हमले में एएसआई अजमेर, सिपाही सचिन सहित तीन घायल हो गए थे। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार जुआरियों को पकड़ने कामी रोड चीनी मिल के पास खेतों में गई पुलिस टीम पर कस्सी से हमला करने का मामला सामने आया था। जिसमें एक एएसआई सहित तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# प्ले स्कूलों में बेस मजबूत छात्र जीवन में आगे बढ़ते है : योगेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: अगवानपुर रोड पर** रेलवे फाटक के पास स्थित वंडर वर्ल्ड प्ले स्कूल में विद्यार्थी और अभिभावक द्वारा होली मिलन कार्यक्रम किया गया । अभिभावकों ने उत्सव में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष योगेश कौशिक ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। छात्रों ने बहुत सारे होली के कार्यक्रम विद्याथीर्यों द्वारा किए गए। विद्यार्थी तथा अभिभावकों की प्रतियोगिता में बढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि योगेश कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे बेहतर प्ले स्कूल में जो



बच्चा अपना बेस मजबूत कर लेता है, वह जिंदगी में हमेशा आगे ही बढ़ते हुए सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने स्टाफ और विद्यालय की बहुत प्रशंसा की। मुख्याध्यापिकाभावना ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### विद्यार्थियों ने खेली फूलों की होली

**सनौली**

**कमाल हुसैन:** समाजसेवी युवा संगठन ग्राम सुधार युवा मंडल एवं सरस्वती रामलीला समिति सनौली खुर्द के युवाओं द्वारा अक्षज इंटरनेशनल स्कूल जलालपूर रोड बापौली में विद्यार्थियों के साथ युवाओं ने फुलो की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान स्कूल के बच्चो व युवा मंडल सदस्यों ने भक्ति गीतो पर नृत्य कर सभी को नाचने पर मजबुर कर दिया । श्री कृष्ण के भक्ती गीतो पर नृत्य कर सभी को भक्ति रस में डुबो दिया ।

इस दौरान स्कूल निदेशक सतीस त्यागी, प्रिंसिपल ड़ा उपासना त्यागी का फुलमालाओं से स्वागत किया।

# मामा का हालचाल जानने जा रहे भांजे की सड़क हादसे में मौत

## गांव नांगल कला फ्लाईओवर के पास हादसे का हुआ शिकार, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल थाना क्षेत्र** में गांव नांगल कला फ्लाई ओवर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिवजाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर अज्ञात वाहन चालक

**दुखद**

**मृतक के पिता के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है**

के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव सुनेहटी कैराना निवासी अकबर ने बताया कि उसका बेटा अरशद (22) गांव कोहन्ड करनाल में तीन साल से नाई की दुकान चलाता है। वह अपने बेटे अरशद के पास आया हुआ था। उसका बेटा अरशद गत 23 मार्च को 9 बजे अपने मामा नसीम का हालचाल जानने के लिए अस्पताल में जा रहा था। वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकला था। उसके बाद वह अनवर को लेकर साहिल की कार में निकल पड़ा। रात करीब 11.30 बजे दिल्ली की और जब मुरथल से आगे गांव नांगल फ्लाई ओवर के पास पहुंचे। उन्हें सड़क किनारे मोटरसाइकिल का एक्सीडेंट देखा। उसका लड़का अरशद सड़क हादसे में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। किसी अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया था। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया।

जांच अधिकारी एसआई ललित कुमार ने बताया कि मृतक के पिता के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द वाहन चालक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# हजारों कार्यकर्ताओं ने पार्षद विजय जैन के नए कार्यालय पर होली खेली

**पानीपत**

**कमाल हुसैन:** पानीपत ग्रामीण हलके के हजारों कार्यकर्ताओं ने पार्षद विजय जैन के हुडा सेक्टर 13-17 में बनाए गए नए कार्यालय के शुभारंभ पर आयोजित होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली व सहभोज के साथ ही टिटाना वालों की बीन पर डीजे के संगीत पर जमकर डांस भी किया। भाजपा के पूर्व पार्षद एवं पानीपत ग्रामीण के नेता विजय जैन के सेक्टर 13-17 के मुख्य मार्ग पर बनाए गए नए हल्का कार्यालय का आज होली के अवसर पर शुभारभ किया गया। सुबह 10 बजे से ही यहां पर कार्यकर्ता एकत्रित होना शुरू हो गए थे। जिनके आने-जाने का सिलसिल देर शाम तक जारी रहा। विशेष बात यह रही की विजय जैन को सुबह



10 बजे से देर शाम तक होली खेलने आने वाले कार्यकताओं ने बैठक तक का मौका नहीं दिया तथा विजय जैन भी कार्यकताओं के प्यार के सामने समय को नहीं भांप पाये। यही नहीं होली मिलन समारोह में न केवल हल्के के कार्यकर्ता व विजय जैन के समर्थक पहुंचे थे बल्कि भाजपा नेताओं ने भी भाग लिया। गांव और कॉलोनियों से कार्यकर्ता अपने वाहनों पर सवार होकर के ढोल नगाड़ों के साथ नाचते हुए आए। लोगों ने फूलों से एक दूसरे को मुबारकबाद दी और चंदन का टीका लगाया। पार्षद विजय जैन का कॉलोनियों और गांव से आए हुए लोगों ने पगड़ी पहना कर फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया और होली की मुबारकबाद दी। लोगों को संबोधित करते हुए विजय जैन ने

**आनंद**

**फूलों की होली खेली व सहभोज के साथ ही टिटाना वालों की बीन पर डीजे के संगीत पर जमकर डांस भी किया**

कहा है कि आज का यह होली महोत्सव हर कार्यकर्ता के घरों में खुशियां भर दें मेरी यही कामना है। उन्होंने कहा है कि पानीपत ग्रामीण हल्के में वह सच्ची और साफ. सुथरी राजनीति करने के लिए आये हैं। वह पानीपत ग्रामीण हलके के हर उस गरीब की झोपड़ी तक जाने की कोशिश करेंगे और उनके सुख दुःख में शामिल होने की भरपूर कोशिश होगी। वहीं हलके की जनता को पूरा मान सम्मान मिलेगा इसका वह होली के अवसर पर प्रण लेते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हर नेता व पार्टी की रीड की हड्डी होता है। आज यहां होली मिलन समारोह में पहुंचे उनके सभी कार्यकर्ता साथी उनकी न केवल रीढ़ हैं बल्कि जान हैं। कार्यकताओं व हल्के की जनता की सुविधा के लिए ही यहां पर कार्यालय बनाया गया ताकि यहां पहुंचने में किसी को कोई परेशानी ना हो। इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, आरएसएस से राजेश गोयल, हल्के के प्रमुख उद्योगपति, समाजसेवी, विभिन्न धार्मिक व अन्य संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।

# शराब कारोबारी हत्याकांड मामला- हत्यारोपितों को संरक्षण देने की वारदात में शामिल आरोपित

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44** पर गुलशन ढाबे की पार्किंग में कार के अंदर लेटे शराब कारोबारी की गोलियां मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिट्टू उर्फ पोल निवासी नेताजी कॉलोनी जींद का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपित ने कारोबारी की हत्या करने के आरोपितों को संरक्षण दिया था। पुलिस रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ कर रही है।

**यह था मामला-**

गांव खीजरपुर जट माजरा निवासी सुनील कुमार ने गत 10 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी बुआ का लड़का मूलरूप से गांव सरगथल फिलहाल पटेल नगर निवासी शराब कारोबारी सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा (36) गुलशन ढाबा की पार्किंग में अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर आया था। वह रात को गाड़ी में ही सो गया था। अगले दिन सुबह साढ़े आठ बजे होंडा अमेज कार में साथी संग आए दो युवकों ने पार्किंग में ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर सुंदर की हत्या कर दी थी। सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा कुख्यात नीतू दाबोदिया गैंग का शार्प शूटर रहा है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त की गई कार को खेवड़ा-झुंडपुर रोड पर लावारिस हालत में बरामद किया था। वह दिल्ली से चोरी की गई थी। पुलिस ने मामले में जांच का दायरा बढ़ाया तो सुंदर के दोस्त गांव कैलाना निवासी सन्नी फौगाट उर्फ फौजी पर शक गहरा गया। उसे कुराड़ मोड़ से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में पता लगा कि सन्नी सुंदर मलिक के साथ था। उसने रात को उसकी गाड़ी में जीपीएस रख दिया था। जिसकी लोकेशन हमलावरों को दे दी थी।

# भाजपा ने मेवात का विकास करके पिछड़े होने का लेबल हटाया: मुख्यमंत्री सैनी

गदगद

--तावडू में विजय संकल्प रैली में उमड़ी भीड़ को देखकर गदगद हुए मुख्यमंत्री



**गुरुग्रामटीम एक्शन इंडिया/**
रविवार को तावडू में आयोजित विजय संकल्प रैली में पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जिस मेवात पर पहले की सरकारों ने पिछड़ा होने का लेबल लगा दिया था, भाजपा सरकार में मेवात का विकास कर-के इस लेबल को हटा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी सरकारों की अनदेखी के कारण मेवात पिछड़ा जिला बन गया था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पिछड़े जिलों पर विशेष ध्यान दिया और इन जिलों में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए।
तावडू की अनाज मंडी में स्थानीय विधायक एवं नव नियुक्त राज्य मंत्री संजय सिंह द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी घेरा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौकरियों में कांग्रेस की गलत नीतियों का खामियाजा हरियाणा के युवाओं ने भुगता है। कट्टर ईमानदारी का चौला पहनने वाले अब जेल में बंद हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाकर स्थानीय लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को एतिहासिक जीत के साथ संसद भेजने का आह्वान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। किसानों को उनकी फसल का एक-एक दाना खरीदने का भरोसा दिया।
मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार तावडू पहुंचे नायब सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। राज्य मंत्री संजय सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को गदा भेंट की। मंच पर स्वामी धर्मदेव, विधायक दीपक मंगला, सत्यप्रकाश जरावता, जिला प्रभारी संदीप जोशी, जाकिर हुसैन, भाजपा संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, जिलाध्यक्ष कमल यादव, नरेंद्र पटेल, जीएल शर्मा आदि भी मौजूद रहे।
मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर गर्व है। दस सालों में भारत ने विकास की एक नई छलांग लगाई है और दुनिया में मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस शासन काल में भ्रष्टाचार चरम पर था, खुद कांग्रेस पार्टी के प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि एक रुपया केंद्र से भेजते हैं तो जनता तक 15 पैसे पहुंचते हैं। 85 पैसे जो विकास पर खर्च होने थे वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे। जबकि मोदी सरकार

# यमुनानगर: पत्नी ने दोस्तों संग मिलकर की थी अजय की हत्या, गिरफ्तार

हत्या

-अजय ने बिहार में कर ली थी दूसरी शादी, -अजय चाहता था पत्नी कोमल और बच्चों को बिहार लेकर जाना



**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
चार दिन पहले जगाधरी के बुडिया रोड पर खेत में बिहार के मूल निवासी अजय पासवान (40) निवासी की हत्या कर फैंके गए अधजले शव के मामले में पुलिस ने अजय की पत्नी कोमल और उसकी सहेली सोनम को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी अमित फरार है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल अमित की तलाश जारी है।जगाधरी शहर पुलिस थाना प्रभारी नरेन्द्र राणा ने रविवार को पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि गुरुवार को दोपहर बाद अजय कुमार का शव बुडिया रोड पर स्थित देवी लाल कालेज के पीछे खेत में अधजली अवस्था में मिला था। जिसके हाथ पर अजय कुमार और कोमल लिखा हुआ था। शव को शिनाख्त के लिए पुलिस ने ट्रामा सेंटर के शवगृह में रखवा दिया था। शव की पहचान अजय की पत्नी कोमल ने शनिवार को की थी। जिससे पूछताछ में शक होने पर उसे हिरासत में ले लिया था। पूछताछ के दौरान पत्नी कोमल ने बताया कि वह अपने दो बच्चों के साथ गोल्डनपुरी जगाधरी में रह रही थी। उसका पति अजय पिछले एक साल से बिहार के जिला मोतिहारी में रह रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### सिरसा: रंगों के तिलक के साथ मनाएं होली का पर्व: डीसी आरके सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
उपायुक्त आर के सिंह ने जिला वासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। इसलिए इसको उत्साह व उमंग के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने जिला के नागरिकों को समाज में भाईचारे-सौहार्द व रंगों के त्यौहार होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए पानी की बबार्दी न करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने नागरिकों से होली पर्व पर पानी की बचत करने का संकल्प लेने का आह्वान किया और होली पर्व पर पक्के रंगों की बजाय ऑर्गेनिक गुलाल से तिलक के साथ मनाएं।
उल्लेखनीय है कि होली खेलने के चलते लाखों लीटर पानी की बबार्दी होती है, जबकि पानी की एक-एक बूंद कीमती है। रंगों के त्यौहार होली पर हम पानी की बबार्दी रोक सकते हैं। उपायुक्त ने कहा है कि पानी व्यर्थ में बहाने से ही हमारे सामने पानी की किल्लत पैदा होती है। ऐसे में हमें पानी की कीमत को समझना होगा। उन्होंने कहा कि रंगों की इस त्यौहार पर नागरिक पानी की बचत का संकल्प लें। इसके लिए स्वयं ही नहीं बल्कि परिवार के सदस्यों को भी समझाएं। विशेषकर बच्चों को समझाना होगा कि वे पानी को व्यर्थ न बहाएं।

### जींद: श्रद्धा से होलिका की पूजा कर मांगी सुखद भविष्य की कामना

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
रविवार को रंगों का खेल होली पर्व श्रद्धा से मनाया गया। पटेल नगर, सावित्री नगर, संत नगर, सैनी मोहल्ला, अपराही मोहल्ला, हनुमान नगर, अर्बन इस्टेट, डिफेंस कालोनी, सफीदों रोड, रोहतक रोड, भिवानी रोड, प्रेम नगर, आत्मा नगर में बच्चे गलियों में घूमते हुए नजर आए। महिलाओं ने होली की पूजा की तथा पानी चढ़ाया। इसके बाद महिलाओं ने होलिका की फेरी लगाई व कच्चा सूत बांधकर होलिका की परिक्रमा की।
होली के पवित्र त्यौहार पर महिलाओं ने होली की पूजा अर्चना की और सुख शांति की कामना की। बाजारों में रौनक छाई रही। लोगों ने जमकर गुलाल खरीदा। बच्चे पिचकारी खरीदने में पीछे नहीं रहे। शहर के बाजार पटियाला चौक, पुरानी सब्जी मंडी, मेन बाजार, पालिका बाजार, तांगा चौक पर खासी रौनक देखने को मिली। महिलाओं, बच्चों व लोगों ने गुलाल की खरीददारी की। आलम यह था कि गलियों में छोटे बच्चे अपने मकानों की छत पर चढ़ कर आने-जाने वालों पर पानी उड़ेल रहे थे। पानी से भरे गुब्बारों की बरसात हो रही थी। दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली मनाई। दुकानदार सुनील ने बताया कि इस बार लोगों ने सबसे ज्यादा हर्बल गुलाल खरीदा। हर्बल गुलाल लाल, हरे व पीले रंग में उपलब्ध था। बच्चों ने गुलाल व वाटर कलर के पाउच खरीदे। इसके अलावा इलेक्ट्रोनिक पिचकारी भी बच्चों की पहली पसंद रही।
दुकानदारों ने बताया कि बच्चों ने स्पाइडर, माचिस, गन व फव्वारा पिचकारी ज्यादा पसंद की। वहीं जयंती देवी मंदिर में होली पर्व को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया व फूलों से होली खेली। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि हर त्यौहार का अपना एक रंग होता है, जिसे आनंद या उल्लास कहते हैं। होली को रंगों के त्यौहार के रूप में मनाते हैं। होली का त्यौहार भारत में फाल्गुन मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।

### गुरुग्राम: महिलाओं ने होलिका पूजन कर की संतान की दीघार्यु की कामना

**गुरुग्रामटीम एक्शन इंडिया/**
जिलाभर में रविवार को होलिका पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में होलिका दहन के लिए लकडियों, कंडे आदि एकत्रित किए गए थे। प्रातः से ही होलिका पूजन के लिए महिलाओं का तांता लगना शुरू हो गया था। महिलाएं परंपरागत वेशभूषा में होलिका पूजन करने के लिए पहुंची।महिलाओं ने होलिका की विधिवत रुप से पूजा-अर्चना की और अपनी संतानों की दीघार्यु के लिए होलिका से कामना भी की। छोटे बच्चे काजू, किशमिश, नारियल व मेवों से बनी मालाएं पहनकर पूजा-अर्चना के लिए आए। उनकी माताओं ने बच्चों का होलिका पर माथा भी टिकवाकर प्रार्थना की। पूजन सामग्री में हरे चने व गेहू की बालियां की बिक्री होते हुए भी देखी गई। होलिका दहन में इनको होलिका को अर्पित किया जाता है।

## सोनीपत में रीति रिवाज से मनाया गया होली का पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
होली का पूजन रीति रिवाज अनुसार रविवार को किया गया। पूजन की सामग्री तैयार कर, देवी का पूजनकिया, चार दिशाओं में प्रसाद चढ़ाकर, और आरती की गई। ग्रामीण परिवेश में अपने देवी देवताओं दादा खेड़े की पूजा की गई हैं।सोनीपत, गन्नौर, खरखौदा, गोहाना आदि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में होली में धागा बांधने का परंपरागत विधि पूरी की। इससे द्वेष को भूलकर सभी के बीच एकता और स्नेह का महत्व समझाया गया है। होली को संदेश है कि होली के दिन लोग अपने भेदभावों को छोड़कर एक-दूसरे के साथ प्यार और मित्रता का आनंद उठाते हैं।

# सिरसा: लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए फील्ड में उतरे डीसी

अपील

मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए अधिक से अधिक मतदान जरुरी है: जिला निर्वाचन अधिकारी



**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आरके सिंह ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने होली या दीपावली पर्व को मनाते हैं उसी प्रकार जिलावासी लोकतंत्र के पर्व को उत्साह व हर्षोल्लास से मनाएं और लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व के संकल्प के साथ शत प्रतिशत मतदान करें। जिला में स्वीप अभियान के तहत सभी विभाग व धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं आगे आएं। अधिक से अधिक मतदान की अपील करें। क्योंकि मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए अधिक से अधिक मतदान जरुरी है।
शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प के साथ जिला के कप्तान आरके सिंह स्वयं फील्ड में उतर कर नागरिकों को आने वाली 25 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आरके सिंह द्वारा सभी विभागों व नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान की अपील का असर दिखने लगा है। जिला में विभागों के साथ-साथ नागरिक भी बैनर व विभिन्न माध्यमों से इस बार सौ प्रतिशत मतदान के तहत प्रचार करने में जुट गए हैं।
लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को वोट बनवाने तथा शतप्रशित मतदान के लिए जागरूक करना है। उन्होंने जिला वासियों से कहा कि वे आने वाली 25 मई को लोकसभा मतदान में बढ-चढकर भाग लें व दूसरों को भी प्रोत्साहित करें ताकि भारतीय निर्वाचन आयोग की 100 प्रतिशत मतदान करवाने की मुहिम को उच्च मुकाम तक पहुंचाया जा सके। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत जागरूकता किसी भी चुनाव के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है।
जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सभी मुख्य सार्वजनिक केंद्रों पर मतदान जागरुकता के बैनर लगवाए जाएं। पेट्रोल पंप के प्रधान तथा गैस एजेंसियों की मीटिंग कर उन्हें बैनर लगवाना तथा गैस सिलेंडर व पेट्रोल पंप पर आने वाले वाहनों पर स्टीकर चस्पा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

# जींद: अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
गांव गुलकनी के निकट अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने रविवार को मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव उचाना कलां निवासी जसबीर अपनी रिश्तेदारी में गांव जलालपुरा आया हुआ था। जो शनिवार देर शाम को गांव जलालपुरा कलां से कहीं चला गया। जो ना तो अपने घर पहुंचा





और ना ही गांव जलालपुरा कलां वापस लौटा। रात को जसबीर गांव गुलकनी के निकट किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे अंकित की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जींद : मकान मालिक की हत्या करने का आरोपित चोर काबू

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
गांव रोझला घर में चोरी की नियत से घुस कर मकान मालिक की हत्या करने के आरोपित चोर को सदर थाना सफीदों पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।
गांव रोझला निवासी तनुज ने 21 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रात को उसका पिता बबली (50) तथा वह अलग-अलग कमरों में सोए हुए थे। परिवार के अन्य लोग पूजा अर्चना के लिए बाहर गए हुए थे। देर रात को गांव का संदीप चोरी की नियत से घर में घुस गया। चोर के घर में घुसने की भनक उसके पिता बबली को लग गई और वह चोर से उलझ गया।

# कैथल: बुलेट मोटरसाइकिल के 55 साइलेंसरों पर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
होली पर बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर को मॉडिफाई करवा कर पटाखे बजाने वालों पर रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल के 55 साइलेंसर जप्त किया और पहेवा चौक पर रखकर उन पर बुलडोजर चलवा दिया
अक्सर देखने को मिलता है कि होली व धुलेंडी पर्व पर शरारती किस्म के युवा अपनी बुलेट व अन्य बाइकों पर पटाखे बजाते हुए हुड़दंग करते हैं। वहीं सोमवार को शहर के सभी नाकों पर पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। जो हुड़दंग करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करेंगे। करीब एक महीने पहले भी यातायात पुलिस ने इसी प्रकार से 20 से साइलेंसरों को हथौड़ों से नष्ट किया था। उस समय पुलिस ने साइलेंसरों पर बुलडोजर नहीं चलाया गया था। अब होली व धुलंदी पर्व पर बुलेट सहित अन्य बाइक के साइलेंसर से पटाखे चलाने वाले वाहन चालकों को चेतावनी देने के लिए यह कार्रवाई की है।

होली पर्व

होली पर्व पर शरारती तत्वों को रोकने के लिए नाकों पर पुलिस कर्मी अलग से तैनात किए जाएंगे।

होली पर्व पर नाकों पर तैनात है पुलिस कर्मी
यातायात पुलिस थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि इसके साथ ही होली पर्व पर शरारती तत्वों को रोकने के लिए नाकों पर पुलिस कर्मी अलग से तैनात किए जाएंगे। यह पुलिस कर्मी हुड़दंग करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी नजर रखेंगे। इसके साथ ही इन वाहन चालकों के लगातार चालान भी किए जाएंगे। बताया कि होली पर्व पर किसी भी युवा को किसी भी प्रकार का हुड़दंग करने की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी।

# फरीदाबाद में 823 वाहन चालकों के काटे चालान

यातायात

जो वाहन निर्धारित लाइन में यात्रा नहीं करते उनके चालान काटकर जुर्माना लगाया जाता है।

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
लेन चेंज नियमों का उल्लंघन होने के कारण होने वाली सडक दुर्घटनाओं को संघान में लेते हुए लेन चेंज नियमों का उल्लंघन करने वाले 823 वाहन चालको के चालान काटे गए। इनसे 411500 जुमार्ना वसूला गया। डीसीपी ट्रैफिक ऊषा ने रविवार को बताया कि सडक पर यातायात के दौरान होने वाली दुर्घटना में कमी लाने के



लिए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा समय-समय पर वीडियो वेन के माध्यम से स्कूल, कॉलेज, पार्क, अस्पताल इत्यादि सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरुक कर रही है। यातायात में चलने वाले वहान निर्धारित की गई लाइनों में ही ड्राइव करें। ओवरटेक और साइड लेते समय इंडिकेटर का इस्तेमाल करें। ताकि यातायात सभी वाहन चालकों के लिए संगम हो सके। जो वहान निर्धारित लाइन में यात्रा नहीं करते उनके खिलाफ चालान काटकर जुमार्ना लगाया जाता है। सडक पर अक्सर देखा गया है कि कुछ वाहन चालक बिना इंडिकेटर दिए गाड़ी साइड में रोक देते हैं जी के कारण पीछे आ रहे वाहन को कुछ पता नहीं होता और एक्सीडेंट की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही वाहन चालकों द्वारा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एक्सीडेंट होने की संभावना बढ़ती है। सडक दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद पुलिस की अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और अपनी मंजिल तक सुरक्षित पहुंचे तथा दूसरों को सुरक्षित पहुंचाने में उनका सहयोग करें।

# कनाडा का वीजा लगवाने के नाम पर साढ़े 36 लाख ठगे, 10 पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
कनाडा का वीजा लगवाने के नाम पर रतिया के तीन युवकों से साढ़े 36 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। रविवार को पुलिस इस मामले में जांच-पड़ताल कर रही थी।
शनिवार को पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-10 रतिया निवासी चंचल कुमार ने कहा कि गांव रतनगढ़ निवासी कुलविन्द्र कौर की पुराना बस अड्डा, रतिया के पास एयर टिकट की दुकान है। उसका उक्त दुकान पर आना जाना था। उसने कनाडा का वर्क वीजा लगवाने के लिए कुलविन्द्र कौर से बात की तो कुलविन्द्र कौर ने कहा





कि श्वेता चावला जोकि मोहाली में रहती है, वह वीजा लगवाने का काम करती है। श्वेता ने कनाडा का वर्क वीजा लगवाने के लिए 25 लाख रुपये मांगे और 6 महीने का समय मांगा। इस पर उन्होंने 5 लाख रुपये एडवांस दे दिए। सितम्बर 2022 में श्वेता ने उसके द्वारा लगाए गए अन्य लोगों के टूरिस्ट वीजा की फोटो उसे व्हाट्सअप की और कहा कि अगर कोई जानकार कनाडा या आस्ट्रेलिया जाना चाहता हो तो उसे बताना। इस पर नवम्बर 2022 में उसने उसकी मौसी सरोज बुढलाडा के रिश्तेदार भारत गुप्ता निवासी पातड़ा, पंजाब का कनाडा का टूरिस्ट वीजा लगाने की बात की।
उन्होंने श्वेता के घर जाकर भारत का पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज दे दिए। फरवरी 2023 में श्वेता ने उसे भारत का कनाडा का टूरिस्ट वीजा भेजा। अप्रैल 2023 में श्वेता ने साढ़े लाख रुपये भारत गुप्ता के टिकट के नाम पर उससे ट्रांसफर करवाए। इसके बाद उसने अपने जानकारी मनविन्द्र सिंह निवासी चिम्मो का कनाडा का टूरिस्ट वीजा लगवाने के लिए श्वेता को कागजात भेजे। इसके बाद श्वेता ने उसे जालंधर निवासी कुलवीर सिंह से बात करने को कहा। उसके बाद उसने श्वेता को उसके कहे अनुसार पैसों का भुगतान किया। जुलाई 2023 को उसने भारत गुप्ता की 14 अगस्त की कनाडा की टिकट भेजी। 14 अगस्त को जब वे घर से दिल्ली के लिए निकले तो श्वेता ने फोन कर उन्हें रोक दिया और कहा कि निखिल भाटिया से बात करने को कहा।
इसके बाद निखिल ने नई टिकट के लिए साढ़े 4 लाख रुपयसे मांगे। इसके बाद श्वेता के कहने पर उन्होंने साढ़े 4 लाख दे दिए। बाद में निखिल ने उन तीनों चंचल कुमार, भारत गुप्ता व मनविन्द्र को एक साथ कनाडा भेजने की बात कही। इसके बाद निखिल के कहने पर उन्होंने दीपक नामक युवक को चण्डीगढ़ में 11 लाख रुपये दिए।

# फरीदाबाद : साइबर अपराध के आठ मुकदमों में 15 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
साइबर पुलिस ने 15 से 21 मार्च 2024 तक साइबर अपराध के 8 मुकदमों में 15 आरोपी गिरफ्तार करके 53,35,900 रुपए बरामद किए है।
पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में मनप्रीत सिंह उर्फ काकू निवासी उत्तम नगर दिल्ली, आरोपी सोयम दिव्यम वासी गांव आल जिला केन्द्र पाडा उडिसा हाल उत्तम नगर दिल्ली, आरोपी राधे किशन निवासी गांव डेडवा जिला सांचोर राजस्थान, आरोपी सुशील कुमार निवासी गांव दाहिमा जिला हिसार, आरोपी अभय उर्फ





गोलू कृष्णा नगर बुलन्दशहर हाल डीएलएफ गुरुग्राम, आरोपी सोनू मथुरा का, विकाश उत्तम नगर दिल्ली,अविनाश विजनौर उत्तर प्रदेश हाल पूर्वी दिल्ली लक्ष्मी नगर, अनुशुमान सिंह व मोहिनिश लखनऊ उत्तर प्रदेश, सैय्यद इलयाश हैदराबाद तेलंगना, अमन लखनऊ उत्तर प्रदेश, रोहित दलाल बल्लबगढ़, सत्यजीत कुमार शास्त्र नगर दिल्ली व एक नाबालिग का नाम शामिल है। तीन केस साइबर एनआईटी-1 साइबर बल्लबगढ़ तथा 4 मामले साइबर एनआईटी ने सुलझाया है। इस सप्ताह में साइबर पुलिस ने 370 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 464076 रूपए करवाए रिफंड वा 2620562 रुपए बैंकों में सीज कराये गये।

# होली मिलन समारोह का किया भव्य आयोजन

● भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भारी संख्या में पहुंच कर समारोह में उत्साह पूर्वक लिया हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा कविता जैन व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने रविवार को वृंदावन गार्डन कबीरपुर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन कर जिले वासियों को होली के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी । कविता जैन ने कहा कि होली के त्योहार पर हम अपने अंदर की बुराई को खत्म करने का संकल्प लें। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा कविता जैन व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कार्यकताओं को गुलाल का तिलक लगाकर राज्य की उन्नति की कामना की। होली मिलन समारोह में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। कार्यकताओं के साथ-





साथ शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भारी संख्या में पहुंच कर समारोह में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया । सभी ने पूरे उत्साह के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी । होली मिलन समारोह में प्रशिद्ध भजन गायक अमित ढुल द्वारा भगवान श्री राम के भजनों पर कार्यकर्ता जमकर नाचे और गायक नितिन मुकेश की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। विदित हो कि जैन दंपती पिछले कई वर्षों से शहरवासियों के साथ सामूहिक रूप से होली मनाने के लिए होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन करते रहे हैं । इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सबके लिए खुशियां लेकर आई है।

**शुभकामनाएं**

**▶▶ होली मिलन समारोह में प्रशिद्ध भजन गायक अमित ढुल द्वारा भगवान श्री राम के भजनों पर कार्यकर्ता जमकर नाचे**

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का भी आह्वान किया कि वे सबसे मिलजुल कर इस त्योहार को मनाएं । होली के पावन अवसर हम सभी को केवल अबीर गुलाल से ही होली को मनाना चाहिए और पानी का प्रयोग ना करें ताकि विश्व जल बचाओ अभियान सफल हो सके।

**न्यूज फ्लैश**

## मेयर निखिल मदान ने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर क्षेत्रवासियों को दी होली की शुभकामनायें।



**सोनीपत:** नगर निगम सोनीपत मेयर निखिल मदान ने रविवार को सभी क्षेत्रवासियों को होलिका दहन और होली फाग की शुभकामनायें दी और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सेक्टर 14 कम्युनिटी सेंटर में वरिष्ठ नागरिक परिषद द्वारा आयोजित फूलों की होली कार्यक्रम में बोलते हुए मेयर निखिल मदान ने कहा की होली का पर्व रंगों, भाईचारे और आपसी प्यार प्रेम का पर्व है। इसलिए हम सबको इस त्यौहार पर अपने सभी मतभेद भूलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में इस त्यौहार को मनाना चाहिए और केमिकल रहित सूखे रंगों से ही होली खेलनी चाहिए । मेयर निखिल मदान ने कहा की बुजुर्गों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन ही जीवन में तरक्की और प्रगति का आधार है इसलिए हम सबको सदैव बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। इसके पश्चात मेयर ने सभी बड़े बुजुर्गों के साथ फूलों की होली खेलकर अपनी शुभकामनायें दी। इसके साथ ही मुरथल रोड पर रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आरडेंट के वार्षिक होली मिलन कार्यक्रम में पहुँच कर मेयर निखिल मदान ने सभी सदस्यों को होली की शुभकामनायें दी। वहीँ गत रात्रि मेयर निखिल मदान ने कच्चे क़्वार्टर में आयोजित भव्य रंगोत्सव में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भजन गायक राजीव शास्त्री ने मनमोहक भजनो से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने सभी क्षेत्रवासियों के साथ फूलों की होली खेली। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक परिषद अध्यक्ष बी आर आहूजा, वी पी आर्य ,ओ पी एलाबादी, के एल तनेजा, सुभाष वसिष्ठ, हर भगवान रहेजा,निखिल चुघ,राजू वर्मा ,विपुल कुच्छल,सतिंदर राठी,रोहित आहूजा,लवनीत भूटानी , जितेंद्र कामरा, खुशहाल कोचर आदि लोग मौजूद रहे।

## चंद्र ग्रहण फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 25 मार्च को लगेगा

**समालखा ( कुलदीप सिंह)**
**पंचांग के अनुसार,** चंद्र ग्रहण फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 25 मार्च को सोमवार को लगेगा। यह चंद्र ग्रहण सुबह 10.23 बजे शुरू होगा और दोपहर 3.02 बजे तक रहेगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा

पंचांग के अनुसार, चंद्र ग्रहण फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि यानी 25 मार्च 2024 को सोमवार को लगेगा। यह चंद्र ग्रहण सुबह 10.23 बजे शुरू होगा और दोपहर 3.02 बजे तक रहेगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। साथ ही इस

**होली मिलन**

**▶▶ यह चंद्र ग्रहण सुबह 10.23 बजे शुरू होगा और दोपहर 3.02 बजे तक रहेगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा**

चंद्रग्रहण का होली पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह चंद्र ग्रहण उत्तर और पूर्व एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, प्रशांत, अटलांटिक, आर्कटिक और अंटार्कटिका के अधिकांश हिस्सों में दिखाई देगा।

## शहीदी दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**समालखा (कुलदीप सिंह )**
शहीदी दिवस के अवसर पर पुस्तकालय किवाना में देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम मे गांव किवाना के सरपंच चेनपाल छोक्कर , गांधी आदर्श कॉलेज के प्रोफेसर रोहतास , मास्टर राजेश आर्य, कुलदीप धीमान, मदनपाल छौक्कर, मा0 आनंद के द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समिति के द्वारा सबसे पहले प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गई ।जिसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।समिति के द्वारा लिखित परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया । इसके बाद सरपंच चेनपाल छौक्कर ने



शहीदों को याद करते हुए कार्यक्रम की सराहना की।सभी महानुभावों का स्वागत भी किया।शहीदी दिवस के अवसर पर मुख्य वक्ता मास्टर राजेश आर्य आट्टा ने भगत सिंह के जीवन पर आर्य समाज का प्रभाव विषय पर विचार प्रस्तुत किए। शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति के सचिव डा शीशपाल ने भगत सिंह के शोषण से मुक्ति, साम्प्रदायिक सौहार्द, साहित्य के अध्ययन आदि मुद्दों पर वक्तव्य दिया। समिति के सचिव मां दिनेश शास्त्री ने बेहतरीन ढंग से मंच संचालन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने हिस्सेदारी की । सांस्कृतिक सन्ध्या में कंवर सिंह ने देशभक्ति रागनी, जयभगवान ने देशभक्ति गीत, प्राध्यापक कुलदीप धीमान ने विदेश में देश छोड़कर जाने वाले युवाओं पर ईश्क गीत सुनाकर सबको सोचने के लिए मजबूर किया। पुस्तकालय संयोजक प्राध्यापक जसबीर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, मदनपाल छोक्कर ने सभी स्त्रोत व्यक्तियों को सम्मानित किया। लाईब्रेरी के सबसे छोटे विद्यार्थी अनू ने देशभक्ति नारे लगाकर प्रतिभागियों में जोश भर दिया। कार्यक्रम मे राजेश कानूनगो, रत्न सिंह, रिशीपाल, अंकित छौक्कर, गौरव शर्मा, गौतम, डा अशोक, रविन्द्र, विनोद फौजी, धर्म पाल, हवासिंह, मनोज, मां कृष्ण धीमान, सूबे सिंह, वेदप्रकाश, सचिन, मां रणबीर, मा० ईश्म सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## 43वीं में हरियाणा राज्य खो खो चैंपियनशिप का हुआ समापन

**समालखा 24 मार्च ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा** कन्या स्कूल मनाना के खेल के ग्राउन्ड में 43 वीं हरियाणा राज्य खो खो चैंपियनशिप का समापन हुआ

इस प्रतियोगिता में गांव मनाना के लड़के व लड़कियों की टीमों ने प्रथम स्थान हासिल किया और महिला वर्ग में जिला जींद द्वितीय तथा तृतीय स्थान कैथल और फतेहाबाद ने हासिल किया वहीं पुरुष वर्ग में जिला जींद ने द्वितीय और कैथल ने तृतीय प्राप्त किया विजेता टीमों को मेडल देकर सम्मानित किया गया जिला खो खो संघ पानीपत के सदस्यों द्वारा प्रदेश से आए सभी खिलाड़ियों के लिए भोजन और आवास तथा बेहतरीन



खेल मैदान देने का प्रबंध किया इस अवसर पर हरियाणा खो खो संघ के महासचिव बलवान सिंह राज्य कोषाध्यक्ष सतपाल दलाल मनीराम व सभी जिला से खो खो सचिव मौजूद रहे इस प्रतियोगिता में निर्णायक के तौर पर दिनेश शशि रविंद्र सिंह मानना मुकेश मानना काजल, महेंद्र सिंह पानीपत बलविंदर सिंह करनाल राहुल करनाल सतपाल सिंह हिसार नवीन दादरी विनोद मलिक सफीदों प्रवीण सफीदों जगदीश जींद आदि ने निर्णय के मंडल के तौर पर कार्य किया तथा जिला खो खो संघ के अध्यक्ष नवीन सैनी ने प्रतियोगिता में उपस्थित सभी पदाधिकारी को मोमेंटो और सॉल भेंट कर सम्मानित किया मनाना गांव के खिलाड़ियों ने बताया की सुबह शाम में तीन-तीन घंटे अभ्यास करते हैं कोच के मार्गदर्शन में सभी खिलाड़ी अभ्यास करके जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर रहे हैं इस मौके पर राकेश बूरा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पानीपत हरिओम डी ओ सी, सुरेश वर्मा पानीपत अनिल पीटीआई कविता पीटीआई रितु पीटीआई संजय पीटीआई रमेश पीटीआई अश्वनी पीटीआई वह विकास जेबीटी अध्यापक ने भाग ईश्वर सिंह व नरेश राठी ने भी विशेष सहयोग दिया।

**अभ्यास**

**▶▶ मनाना गांव के खिलाड़ियों ने बताया की सुबह शाम में तीन-तीन घंटे अभ्यास करते हैं**

## होली मिलन समारोह में भिड़े दो कांग्रेसी, हुई गाली-गलौज

**फरीदाबादः** फरीदाबाद में रविवार को होली मिलन समारोह में कांग्रेसियों के बीच गाली-गलौज हो गया। विवाद कांग्रेस के तिगांव के पूर्व विधायक ललित नागर और कांग्रेस कार्यकर्ता महेंद्र शर्मा के बीच कहासुनी से शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों के बीच नौबत मारपीट तक पहुंच गई। प्रोग्राम में मौजूद कांग्रेस के प्रवक्ता सुमित गौड ने बीच-बचाव कर दोनों को शांत किया। इससे जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद में खेड़ी पुल के पास आज कांग्रेस के प्रवक्ता सुमित गौड द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था।

## नई दिल्ली के युवा अन्वेषक से मिलिये केवल हिस्ट्रीटीवी18 पर

**नई दिल्ली।** सस्टेनेबल इनोवेशन की दिशा में एक उल्लेखनीय प्रगति करते हुए 20 वर्षीय कृष चावला ने कम लागत वाला, पर्यावरण-अनुकूल एयर प्युरफाइअर, ब्रीथिफाई पेश किया है जो सरलता और पर्यावरणीय जागरूकता के प्रमाण का प्रतीक बन गया है। साँस संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों के पैसे खर्च करवाए बिना उन्हें मदद करने के उद्देश्य से जन्मा कृष का ये नया सृजन किफायती स्वास्थ्य देखभाल समाधान के रूप में आशा की किरण साबित हो रहा है। देखिए कि कैसे यह 'मेक इन इंडिया' इनोवेशन बाजार में पारंपरिक एयर प्यूरीफायर द्वारा निर्धारित मूल्य बाधा को तोड़ रहा है और किफायती कीमत में स्वच्छ और ताजी हवा उपलब्ध करवा रहा है, 'ओएमजी! ये मेरा इंडिया' के सातवें एपिसोड में, जिसका प्रीमियर इस सोमवार, 25 मार्च को रात 8 बजे, केवल हिस्ट्रीटीवी18 पर होगा। इस पाथब्रेकिंग अरिजनल फैक्चूअल एंटेरटैनमैंट सीरीज का लैंडमार्क दसवां सीजन भी हर सोमवार रात 8 बजे दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उन्हें प्रेरणा देने के वादे को निभा रहा है और ऐसे व्यक्तियों की दिलचस्प कहानियाँ प्रस्तुत कर रहा है जिन्होंने अपनी अनोखी प्रतिभा, सामाजिक प्रभावी पहल, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रिकॉर्ड तोड़ कारनामों, अनोखी रुचियों और दिलचस्पी के साथ समाज में नई लहर पैदा की है।



2018 में विकसित किया गया ब्रीथिफाई एप्लाइड फ्लूइड डायनेमिक्स में कृष के अग्रणी काम और 'रिवर्स एयर' तकनीक की शुरूआत का परिणाम है, जिसकी अभिनव बात ये है कि ये शोधक के भीतर वायु प्रवाह की दिशा को उलट देता है जिससे इसकी दक्षता बढ़ जाती है। प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए लकड़ी के फ्रेम से निर्मित किया गया यह उपकरण 98% प्लास्टिक-मुक्त संरचना का प्रभावशाली दावा करता है, जो वैश्विक पर्यावरणीय अनुकूलन के लक्ष्यों के अनुरूप है। देखिए कि कैसे यह युवा प्रदूषण कम करने के अपने कम लागत वाले वायु शोधक समाधान के साथ अरबों डॉलर के उद्योग के लिए चुनौती बन चुका है, इस सोमवार रात 8 बजे 'ओएमजी! ये मेरा इंडिया' में।

## ब्राह्मण उत्थान परिषद ने होली मिलन व सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**होली मिलन**

**▶▶ सबसे पहले भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** ब्राह्मण उत्थान परिषद ने होली मिलन व सम्मान समारोह मुकेश शर्मा अध्यक्ष ब्राह्मण उत्थान परिषद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सबसे पहले भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया।इस मौके पर



समाज के प्रतिभाशाली बच्चों व समाज कल्याण कार्य करने वालों का सम्मान किया गया । राजू पैलेस 23 सैक्टर में भारी संख्या में ब्राह्मण समाज ने इकठ्ठा होकर होली मिलन समारोह का आनंद लिया।इस मौके पर डा इंद्र, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, नवीन कौशिक, हिमांशु शर्मा, ब्राह्मण सभा के प्रधान अशोक शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, नरेश आकाश,अनिल जमदग्नि, संजय, सुनील, यतीश जमदग्नि, कपिल जमदग्नि, संजय बढवासनिया राजेंद्र गौतम, सतपाल कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## फरीदाबाद: केंद्रीय मंत्री के विरोध में ग्रामीणों ने कराया सामूहिक मुंडन

**फरीदाबादः जेवर एयरपोर्ट** ग्रीन एक्सप्रेसवे पर मोहना गांव के पास उतार चढ़ाव की मांग को लेकर पिछले 162 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को दर्जन भर गांवों के किसानों ने केंद्रीय राज्यमंत्री के विरोध में सामूहिक मुंडन कराया। जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चुनाव में खुलकर विरोध करने का भी ऐलान किया। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता चंदावली निवासी किशन सिंह चहल ने की। ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब तक कट की मांग पूरी नहीं होती, उनका आंदोलन चलता रहेगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसारः राजकीय** महाविद्यालय उकलाना में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अंजू ने शिरकत की। डॉ अंजू ने माँ सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित किया। डॉ सुरीना ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। डॉ अंजू ने कहा कि एनएसएस के कैम्प से स्वयंसेवकों में देश व समाज के प्रति कुछ नया करने की भावना बढ़ती है। कैम्प में उन्हें सामाजिक कार्यों के प्रति जागृत किया जाता है और कई तरह के अभियान चलाकर कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र/छात्राओं को



सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है और उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डॉ अमित कुमार ने स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा समाज का भविष्य है तथा समाज के रीढ़ स्तम्भ हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि समाज उत्थान में योगदान दें। समाज को वापस देने का मतलब यह पहचानना है कि आप दूसरों को सशक्त बनाने के लिए सशक्त हैं, और यह एक नैतिक दायित्व है। इसके उपरांत स्वयंसेवियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। गीत, कविता व भाषण द्वारा स्वयंसेवियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रमनदीप और ग्रुप के देश रंगीला गाने पर किए गए नृत्य ने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। सात दिवसीय शिविर में ग्रुप पाँच (मैस कमेटी) को सर्वश्रेष्ठ ग्रुप का व मोनिका को सर्वश्रेष्ठ कैंपर का इनाम दिया गया।

**खरीद शुरू**

**▶▶ -डॉ अंजू ने माँ सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित किया। डॉ सुरीना ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया।**

## गांव अद्दोमाजरा में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप कैंप

**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अद्दोमाजरा के शिव मंदिर में पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप का 567 ग्रामीणों ने लाभ उठाया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही परिवार पहचान पत्र, हरियाणा हैप्पी कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए।

कैंप में विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं जिनमें शारदा क्लीनिक से सामान्य रोग विशेषज्ञ डा. भारती वत्स ने 154 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा व उन्हें परामर्श दिया। वहीं एल.जे.आई. अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. आर. कुमार 133 ग्रामीणों की आंखें जांचीं जिनमें से 16 ग्रामीणों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनके लैंस मशीन



द्वारा एल.जे.आई. अस्पताल से बिल्कुल मुफ्त डलवा दिए जाएंगे। वहीं मेहंदीरत्ता (इंडस) अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. मोहित गुप्ता 74 लोगों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को जांचा व उन्हें परामर्श दिया। इसके अलावा पं. केदारनाथ शर्मा चैरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की मोबाइल वैन में 137 ग्रामीणों के रक्त की भी जांच की गई जिन्हें उनकी रिपोर्ट बहुत जल्द सौंप दी जाएगी। वहीं इसके साथ ही जिन परिवारों की वार्षिक प्रमाणित आय एक लाख रुपए तक थी ऐसे 29 ग्रामीणों के हैप्पी कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन भी किए गए जिनके

**कैंप का लाभ**

**▶▶ कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए**

बहुत जल्द हैप्पी कार्ड बन जाएंगे। वहीं, कैंप में भारत के अग्रणी प्लेटफार्म फर्स्ट इन
क्लास के तहत 5वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया जिसके तहत 40 बच्चों ने अपनी रजिस्ट्रेशन करवाई। ये क्लासिस भी बिल्कुल फ्री होंगी। ऑनलाइन क्लास वर्चुअल होगी और यह जूम पर उपलब्ध होगी।
अंत में ग्रामीणों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विनोद शर्मा एवं अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा का उनके गांव में आकर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने के लिए तहेदिल से धन्यवाद किया। शर्मा परिवार ने अंबाला के लोगों को हमेशा अपना परिवार माना है। यह परिवार अंबाला के लोगों के सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहा है और लगातार कैंप लगाकर अंबाला के लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे हैं साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री प. विनोद शर्मा द्वारा गांव-गांव व वार्ड-वार्ड जाकर सरकारी स्कूल के 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को जिन्हें स्कूल दूर होने के कारण स्कूल जाने में परेशानी हो रही थी उन्हें साइकिल वितरण का नेक कार्य करने के साथ ही अंबाला शहर की मेयर शक्तिरानी शर्मा द्वारा सरकारी प्राइमरी स्कूल के बच्चों को शूज भी बांटे जा रहे हैं जोकि बहुत ही सराहनीय कार्य शर्मा परिवार द्वारा किया जा रहा है।

## चुनाव जीतने के लिए भाजपा अपना रही ओच्छे हथकंडे : लाल बहादुर खोवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार :** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव जीतने के लिए ओच्छे हथकंडे अपना रही है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि लोकतंत्र पर कुठाराघात करके विपक्ष को कुचलने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा तानाशाही रवैया अपनाते हुए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। ईडी व सीबीआई के माध्यम से विपक्षी दलों के राजनेताओं पर न



केवल दबाव बनाया जा रहा बल्कि उन्हें प्रताड़ित भी किया जा रहा है। खोवाल ने कहा कि भाजपा एक तरफ जनता को झूठे वादे करके बरगलाने की कोशिश कर रही है और दूसरी और प्रतिद्वंद्वी पार्टी व प्रत्याशियों को आतंकित किया जा रहा है। एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा चाहे कितना ही तानाशाही रवैया अपनाकर कितने ही अत्याचार कर ले लेकिन अब सच्चाई जनता से छुपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि तानाशाही व अत्याचार का बड़ा दर्दनाक अंत हुआ है। इसलिए जनता अब भाजपा को भी सबक सिखाने की तैयारी में है। उन्होंने कहा सच्चाई तो यह है कि जनविरोधी नीतियों के चलते भाजपा लोकसभा चुनाव हारने की कगार पर है।


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुनीत गर्ग
9899383139
विनोद गर्ग
98110 77396


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
सूबे सिंह करियाणा
महासचिव, ग्राम सुधार समिति, सिंघोला गांव,
दिल्ली मो. 9818987331
राजव्रत आर्य
अध्यक्ष नागरिक अधिकार आन्दोलन


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
Manoj Bansal
9810648110
Radhey Shyam Bansal
9212623313
MANOJ
SAREE SADAN
Spl. in: Fancy Suit, Saree, Lehnga
Chunni, Pent-Shirt & Handloom
134, Main Bazar, Narela, Delhi-110040


प्रेरणास्त्रोत :
सुषमा चोपड़ा
संतोष रानी छाबड़ा
सजनपाल गर्ग
आदर्श रसोई
राकेश भारद्वाज चौक
समस्त देशवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
परम श्रद्धेय
राकेश भारद्वाज
संस्थापक (आदर्श रसोई)
मोहन कुमार गर्ग
चेयरमैन (9354212413)
रामलाल उनियाल
वाईस चेयरमैन
सुरेंद्र चोपड़ा
प्रधान
रवि भारद्वाज
संयोजक
विनोद गर्ग
महासचिव
राकेश जुनेजा
महासचिव
पम्मी मल्होत्रा
महासचिव
संजय वर्मा
कोषाध्यक्ष
सुभाष दीक्षित
संरक्षक
सुरेन्द्र त्यागी
संरक्षक
सुरेन्द्र बुद्धिराजा
संरक्षक
के.के. शर्मा
संरक्षक
जे.पी. गोयल
संरक्षक
सतपाल यादव
संरक्षक
गुरदयाल छाबड़ा
संरक्षक
वी. के. चौधरी
संरक्षक
सिकन्दर पाल मनोजा
संरक्षक
तरसेम सिंह
उपप्रधान
रिंकू कोहली
उपप्रधान
राजेश छाबड़ा
उपप्रधान
अमरजीत सिंह
उपप्रधान
राजेन्द्र साहू
उपप्रधान
दीपक गर्ग
सचिव
सुलभ गुप्ता
सचिव
धीरज सिंघल
सचिव
मुकेश रस्तोगी
सचिव
राजीव मेहता
सचिव
सतपाल सेतिया
सचिव
करण शर्मा
सहसचिव
विवेक तोमर
सहसचिव
सन्नी गर्ग
सहसचिव
सागर गर्ग
सहसचिव
इन्दर तनेजा
सदस्य













# 'केंद्र ने कर्नाटक सरकार को एक-एक पैसा समय पर दिया'

**नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक को देय एक-एक पैसा राज्य सरकार को समय पर दिया है। वर्ष 2014 से 2024 तक कर हस्तांतरण में 258 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार के 10 वर्षों की तुलना में 3.5 गुणा अधिक है। वित्त मंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में बताया कि निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक के बेंगलुरु में जेपी नगर स्थित आरवी डेंटल कॉलेज में आयोजित थिंकर्स फोरम को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि राज्य का हर बकाये पैसे का हिसाब-किताब किया गया है, उन्हें समय पर फंड जारी किया गया। वर्ष 2004 से 2014 के बीच कर्नाटक को प्रति वर्ष मिलने वाला पैसा 81,795 करोड़ रुपये था, जो साल 2014 से 2024 तक बढ़कर 2,93,226 करोड़ रुपये हो गया है। सीतारमण ने बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा कि बेंगलुरु में 14.68 लाख जनधन खाते खोले गए, जबकि देशभर में 52 करोड़ खाते खोले गए हैं। भाजपा शासन के 10 साल में सहायता अनुदान बढ़कर 273 फीसदी हो गया है, जो पिछले 10 वर्षों की तुलना में 3.7 गुना अधिक है। सीतारमण का यह बयान ऐसे समय आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक दिन पहले कहा था कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर केंद्र को गंभीर सूखे की स्थिति से जूझ रहे राज्य को राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत तुरंत अनुदान जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।






ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 25 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP













